RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 | अंक-308 | जयपुर, बुधवार, 06 मई 2026 | मूल्य-4 रूपये

हारने के बाद ममता बोलीं- मैं आजाद पंछी, शेर की तरह लड़ूंगी रहूंगी

## दीदी की फिर दादागीरी.. मैं इस्तीफा नहीं दूंगी, हम हारे नहीं, सीटें लूटी गई




नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के नतीजों के बाद सियासी तापमान चरम पर पहुंच गया है। ममता बनर्जी ने मंगलवार को कोलकाता के कालीघाट में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपनी हार को स्वीकार करने से साफ इनकार कर दिया। उन्होंने इसे 'लोकतंत्र की हत्या' बताते हुए सीधे तौर पर नरेंद्र मोदी, अमित शाह और भारतीय चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए।

ममता बनर्जी ने कहा कि यह जनता का फैसला नहीं, बल्कि 'मैच फिक्सिंग' का नतीजा है। उन्होंने दो टूक कहा कि वे इस्तीफा नहीं देंगी और इस पूरे मामले को अदालत में चुनौती देंगी।

ममता बनर्जी ने अपनी हार का ठीकरा सबसे ज्यादा चुनाव आयोग पर फोड़ा। उन्होंने आयोग को 'भाजपा का एजेंट' बताते हुए कहा कि उनके छात्र जीवन से लेकर अब तक उन्होंने इतना 'गंदा और घिनौना' चुनाव कभी नहीं देखा।

ममता बनर्जी ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की विश्वसनीयता पर भी सवालिया निशान लगाए। उन्होंने तकनीकी धांधली का दावा करते हुए पूछा कि वोटिंग खत्म होने के कई घंटों बाद भी ईवीएम में 80 से 90 प्रतिशत चार्जिंग कैसे रह सकती है? यह पूरी तरह नामुमकिन है।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि काउंटिंग के दौरान उनके एजेंटों को डराया-धमकाया गया और भाजपा के 'गुंडों' ने उन पर शारीरिक हमले भी किए। ममता ने दर्द बयां करते हुए यहाँ तक कहा कि 'मेरी पीठ और पेट पर लातें मारी गईं। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एक समय ममता बनर्जी भावुक भी दिखीं। उन्होंने कहा कि 'हार की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए मैं मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के लिए तैयार हूँ, लेकिन मेरी लड़ाई भाजपा से नहीं बल्कि पक्षपाती संस्थानों से है। '

हालांकि, बाद में उन्होंने अपने इरादे साफ कर दिए कि वे इस्तीफा नहीं देंगी बल्कि इस 'वोट डकैती' के खिलाफ अदालत का दरवाजा खटखटाएंगी। उन्होंने कहा कि पूरा 'इंडिया ब्लॉक' उनके साथ खड़ा है और वे इस धांधली को सुप्रीम कोर्ट तक लेकर जाएंगी।

बंगाल में नई सरकार की शपथ 9 मई को

## अमित शाह बंगाल और जेपी नड्डा असम के पर्यवेक्षक

पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजे सोमवार को आ चुके हैं। बंगाल के इतिहास में पहली बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य के मुताबिक नई सरकार का शपथग्रहण 9 मई को होगा। इसी दिन रवींद्र नाथ टैगोर की 165वीं जयंती है। दरअसल बांग्ला कैलेंडर के मुताबिक यह तिथि 25 वैशाख को होती है। जो आमतौर पर मई के दूसरे हफ्ते में पड़ती है।

भाजपा ने बंगाल में विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए गृह मंत्री अमित शाह को पर्यवेक्षक बनाया है। वहीं, असम के लिए केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।



पश्चिम बंगाल हमेशा से ही भाजपा के लिए एक प्रमुख राजनीतिक रणभूमि रहा है। यहां विधायक दल का नेता चुनने की प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और सर्वसम्मति से निपटाने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को केंद्रीय पर्यवेक्षक बनाया गया है।

उनके इस काम में पूरी मदद करने के लिए ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी को केंद्रीय सह-पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है।

कैबिनेट बैठक में बड़े फैसले: सुप्रीम कोर्ट में बढ़ेगी जजों की संख्या

## दो नई सेमीकंडक्टर इकाइयों को मंजूरी, गन्ना और कपास किसानों को सौगात

नई दिल्ली



केंद्र सरकार ने मंगलवार को कई अहम नीतिगत फैसलों को मंजूरी दी, जिनमें न्यायपालिका की क्षमता बढ़ाने, सेमीकंडक्टर निर्माण को बढ़ावा देने, किसानों और उद्योगों को राहत देने तथा बुनियादी ढांचे के विस्तार से जुड़े प्रस्ताव शामिल हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों की संख्या 33 से बढ़ाकर 37 करने के लिए संशोधन विधेयक लाने को मंजूरी दी गई। सरकार का कहना है कि इससे मामलों के निपटारे में तेजी आएगी और न्याय प्रणाली अधिक प्रभावी हो सकेगी।

इसके साथ ही, भारत सेमीकंडक्टर मिशन के तहत गुजरात में करीब 3,900 करोड़ रुपये के निवेश से दो नई सेमीकंडक्टर इकाइयों को स्वीकृति दी गई है। इनमें मिनी और माइक्रो एलईडी डिस्प्ले निर्माण तथा चिप पैकेजिंग से जुड़ी सुविधाएं शामिल हैं, जिससे रोजगार के नए अवसर पैदा होने की उम्मीद है।

कैबिनेट ने आपातकालीन ऋण गारंटी योजना 5.0 को भी मंजूरी दी है, जिसके तहत एमएसएमई और अन्य क्षेत्रों को अतिरिक्त ऋण सुविधा दी जाएगी। इस योजना के जरिए लगभग 2.55 लाख करोड़ रुपये के ऋण प्रवाह का लक्ष्य रखा गया है, ताकि वैश्विक परिस्थितियों के बीच व्यवसायों को सहारा मिल सके।

कृषि क्षेत्र में, सरकार ने 5,659 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ 'कपास उत्पादकता मिशन' को मंजूरी दी है। इसका उद्देश्य 2030-31 तक कपास उत्पादन और गुणवत्ता में सुधार कर भारत को इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है।

इसी के साथ गन्ना किसानों के लिए 2026-27 सीजन हेतु 365 रुपये प्रति क्विंटल का उचित एवं लाभकारी मूल्य तय किया गया है, जिससे करोड़ों किसानों को लाभ मिलने की बात कही जा रही है।

बुनियादी ढांचे के मोर्चे पर, रेलवे की तीन मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है, जिनकी कुल लागत 23,000 करोड़ रुपये से अधिक है। इन परियोजनाओं से लगभग 900 किलोमीटर रेल नेटवर्क का विस्तार होगा और यातायात क्षमता बढ़ेगी।

इसके अलावा, गुजरात के वडीनार में 1,570 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक जहाज मरम्मत केंद्र स्थापित करने की भी स्वीकृति दी गई है, जिससे समुद्री क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और रोजगार को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

सरकार का कहना है कि ये सभी फैसले मिलकर न्याय व्यवस्था, औद्योगिक विकास, कृषि सुधार और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होंगे।

## इंडिगो फ्लाइट में यात्री का पावर बैंक ब्लास्ट

चंडीगढ़



हैदराबाद से चंडीगढ़ आ रही इंडिगो फ्लाइट 6श्व 108 में मंगलवार को पावर बैंक में ब्लास्ट हो गया। इससे 5 यात्री घायल हो गए। पावर बैंक एक यात्री के बैग में रखा था। घटना उस समय हुई, जब फ्लाइट एयरपोर्ट पर खड़ी थी। हादसे के बाद फ्लाइट में धुआं भर गया, जिससे यात्री घबरा गए। यात्रियों को इमरजेंसी गेट से निकाला गया।

कुछ फोटो भी लोगों ने शेयर किए हैं। जिसमें एक महिला को एंबुलेंस में रखा गया था। क्रू मेंबर्स ने तुरंत फायर सेफ्टी उपकरणों का इस्तेमाल कर आग पर काबू पाया।अभी तक यह साफ नहीं हुआ के पावर बैंक ब्लास्ट कैसे हुआ। पुलिस और एयरपोर्ट अथारिटी की टीमें जांच कर रही है।

इंडिगो की ओर से जारी बयान में कहा गया कि सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तुरंत विमान खाली कराया गया और संबंधित अधिकारियों को तुरंत सूचना दी गई। सभी यात्रियों को सुरक्षित तरीके से टर्मिनल तक पहुंचाया गया, जहां एयरलाइन की टीम उनकी सहायता में जुटी रही।

एयरलाइन के अनुसार विमान को दोबारा संचालन में लाने से पहले जरूरी तकनीकी जांच की जाएगी। इंडिगो ने कहा कि यात्रियों और क्रू की सुरक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## पाकिस्तान से आई ड्रग्स और विदेशी पिस्टल पकड़ी

श्रीगंगानगर

पाकिस्तान से आई ड्रग्स और विदेशी पिस्टल को पंजाब में सप्लाई होने से पहले ही पुलिस ने पकड़ लिया। तस्कर पुलिस की पहली नाकाबंदी तोड़कर भागे तो थाने के एसएचओ ने 10 किमी आगे ट्रैक्टर ट्रॉली से सड़क ब्लॉक करवा दी।

तस्करों की कार 120 की स्पीड में थी। उन्होंने सड़क ब्लॉक कर खड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली को देख ब्रेक लगाए लेकिन, कार इसमें घुस गई। इसके बाद दोनों अलग-अलग दिशाओं में भागे। पुलिस और स्थानीयों ने इनका पीछा कर खेत से पकड़ लिया।

## यूएई के तेल क्षेत्र पर ईरानी हमले की पीएम ने की कड़ी निंदा

### यूएई में 3 भारतीयों के घायल होने पर भारत नाराज

तेहरान/वॉशिंगटन डीसी

यूएई के फुजैराह में ऑयल पोर्ट पर हुए हमले को लेकर भारत ने नाराजगी जताई है। सरकार ने कहा कि तीन भारतीयों का घायल होना गलत है और इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता।

भारत ने सभी पक्षों से तुरंत हिंसा बंद करने और आम लोगों को निशाना न बनाने को कहा है। भारत ने कहा कि हालात को संभालने का सही रास्ता बातचीत और कूटनीति है, ताकि पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता बनी रहे।



भारत ने यह भी कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही बिना रुकावट जारी रहनी चाहिए।

इससे पहले यूएई ने दावा किया था कि हमला ईरान की तरफ से हुआ था। उन्होंने 12 बैलिस्टिक मिसाइल, 3 क्रूज मिसाइल और 4 ड्रोन को रोकने में कामयाबी पाई। हालांकि ईरान ने यूएई के इस आरोप पर कोई जवाब नहीं दिया है।

पीएम मोदी ने भी इस घटना को लेकर पोस्ट किया और कहा कि आम लोगों और जरूरी इन्फ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाना स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### ट्रम्प ने होर्मुज में जहाजों को खतरे में डाला

ईरान की संसद के स्पीकर मोहम्मद गालीबाफ ने आरोप लगाया है कि अमेरिका ने होर्मुज में जहाजों की आवाजाही और ऊर्जा सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है।

उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि डोनाल्ड ट्रम्प का 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' सीजफायर का उल्लंघन है और इससे इस इलाके में नाकेबंदी जैसी स्थिति बन गई है।

कालीबाफ ने चेतावनी देते हुए कहा कि मौजूदा हालात ज्यादा देर तक नहीं चल सकते। उन्होंने कहा कि ईरान ने अभी अपनी पूरी ताकत दिखाई भी नहीं है।

## ओवरटेक करने की कोशिश भिड़ी कार, 5 की मौत

**नूंह।** नूंह जिले में कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेसवे पर मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा धुलावट टोल प्लाजा के पास करीब सुबह 10:30 बजे हुआ। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और राहत दल तुरंत मौके पर पहुंच गए और बचाव कार्य शुरू कर दिया।

एक स्कॉर्पियो कार पलवल की ओर से आ रही थी। स्थानीय लोगों के मुताबिक वाहन चालक ने ओवरटेक करने की कोशिश की, लेकिन इसी दौरान गाड़ी असंतुलित हो गई और सामने चल रही दूसरी गाड़ी से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कॉर्पियो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार सभी पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। क्षतिग्रस्त वाहन में शव बुरी तरह फंस गए, जिन्हें निकालने के लिए पुलिस और बचाव दल को काफी मशक्कत करनी पड़ी। मौके पर एंबुलेंस बुलाकर राहत एवं बचाव कार्य जारी रखा गया।

## अचानक भरभरा का गिरा तीन मंजिला मकान

### कोटा में बरसों से विवादित मकान गिरा, चपेट में आए पड़ोस के दो मकान

कोटा

कोटा में तीन मंजिला मकान भरभराकर गिर गया। मकान की मरम्मत का काम चल रहा था। ऐसे में 4 मजदूर और एक बच्चा अंदर थे। पड़ोसियों के चिल्लाने की आवाज सुनकर सभी बाहर निकले और जान बचाई। मकान गिरने से दो पड़ोसी मकान को भी नुकसान पहुंचा। इसके अलावा एक बाइक, स्कूटी और ठेले भी मलबे में दब गए। घटना गुमानपुरा



थाना क्षेत्र के बल्लभबाड़ी स्थित घोसी मोहल्ला की मंगलवार शाम की है। पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और राहत व बचाव कार्य किया। वहीं घटना के समय एक पड़ोसी कमरे में सो रहा था। उसके बेड पर पट्टियां भरभराकर गिरी। युवक ने बाहर आकर जान बचाई।

तीन मंजिला मकान जर्जर हालत में था। दीवारों पर दरार आ चुकी थी। छज्जे भी झुके हुए थे। मकान मालिक ने 8 दिन पहले ही मरम्मत के लिए मजदूर लगाए थे।डीएसपी योगेश शर्मा ने बताया कि डॉग स्क्वायड टीम को भी मौके पर बुलाया गया था।

एडिशनल एसपी दिलीप सैनी ने बताया- मकान के अंदर मालिक का सामान रखा था। सारा सामान मलबे में दब गया। गली में खड़े कुछ वाहन भी दब गए।

जर्जर मकान के पास वाले दो मकानों को भी नुकसान पहुंचा। एक पड़ोसी कमरे में सो रहा था। उसके बेड पर पट्टियां भरभराकर गिरी। युवक ने बाहर आकर जान बचाई।

## इमरजेंसी सिग्नल देकर अमेरिकी विमान कतर के एयरस्पेस से लापता

तेहरान/वॉशिंगटन डीसी

मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिकी वायुसेना का एक KC-135 स्ट्रैटोटैंकर विमान कतर के ऊपर इमरजेंसी सिग्नल देने के बाद लापता हो गया। KC-135 स्ट्रैटोटैंकर को 'फ्लाइंग गैस स्टेशन' कहा जाता है, क्योंकि यह हवा में अन्य सैन्य विमानों को ईंधन भरने में सक्षम है।

ईरान की फॉर्स न्यूज एजेंसी के मुताबिक, विमान ने उड़ान के दौरान '7700' इमरजेंसी सिग्नल भेजा। यह सिग्नल तब दिया जाता है जब विमान में कोई गंभीर समस्या हो। हालांकि इसमें ईरान की किसी भी भूमिका की बात नहीं कही गई।

यह विमान UAE के अल धफरा एयर बेस से उड़ा था और फारस की खाड़ी के ऊपर उड़ रहा था। इसी दौरान कतर के पास उसका सिग्नल कुछ समय के लिए गायब हो गया। फ्लाइट डेटा के मुताबिक, विमान कुछ देर तक आसमान में चक्कर लगाता रहा और फिर नीचे उतरने लगा। अभी तक यह साफ नहीं है कि विमान में क्या खराबी आई थी। यह भी नहीं पता कि यह कोई तकनीकी समस्या थी या कुछ और। अमेरिका ने इसे लेकर जानकारी शेयर नहीं की है।

प्रदेश में बस टर्मिनलों का होगा कायाकल्प- यात्रियों को बेहतर सुविधाएं और विकास को मिलेगी रफ्तार

## सार्वजनिक निजी भागीदारी से विकसित होंगे आधुनिक बस पोर्ट

जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य राजस्थान को परिवहन अवसंरचना के क्षेत्र में अग्रणी बनाना है, जिससे प्रदेश की आमजन का सफर सुगम हो और विकास को नई गति मिले। प्रदेश में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं यात्रियों के लिए अधिक सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से बस टर्मिनलों का पुनर्विकास किया जाएगा।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में प्रदेश के बस टर्मिनलों के पुनर्विकास को लेकर महत्वपूर्ण बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को




निर्देश दिए कि चयनित जिला मुख्यालयों पर सार्वजनिक निजी भागीदारी के माध्यम से विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त आधुनिक बस पोर्ट विकसित किए जाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बस पोर्ट क्षेत्रीय परिवहन के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित होंगे। जिससे यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। साथ ही, स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन एवं आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने अधिकारियों को बस पोर्ट्स के प्रभावी संचालन, सुव्यवस्थित प्रबंधन एवं दीर्घकालिक रखरखाव के लिए समग्र एवं प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि बस टर्मिनलों का आधुनिकीकरण आमजन को सुरक्षित, सुगम एवं सुविधाजनक यात्रा अनुभव प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रस्तावित बस पोर्ट्स पर राजस्थान पथ परिवहन निगम एवं निजी बसों का बेहतर समन्वय से नियमित एवं समयबद्ध संचालन सुनिश्चित हो।

इस दौरान जानकारी दी गई कि बजट घोषणा की अनुपालना मेंयात्रियों को आधुनिकतम सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए उदयपुर, बीकानेर, भरतपुर, अलवर, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, ब्यावर, अजमेर, बूंदी सहित चयनित जिला मुख्यालयों पर आधुनिकतम सुविधायुक्त बस पोर्ट विकसित किये जाएंगे।

बैठक में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, अतिरिक्त मुख्य सचिव अखिल अरोड़ा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## लापरवाही पर 3 इंजीनियर सस्पेंड, 3 को चार्जशीट

### नहर निर्माण में गड़बड़ी पर विभाग की कार्रवाई

कोटा

कोटा में जल संसाधन विभाग ने निर्माण कार्यों में अनियमितता मिलने पर 3 इंजीनियर को सस्पेंड करते हुए 3 अफसरों को चार्जशीट दी। विभाग ने कार्रवाई करते हुए दायीं नहर उपखंड सीएडी अंता के कनिष्ठ अभियंता नेमीचंद बैरवा, सोनू कुमार गोचर और दीपक चौधरी को निलंबित कर दिया। वहीं दायीं मुख्य नहर खंड द्वितीय सीएडी चंबल कोटा के अधिशाषी अभियंता हेमराज मीणा, सहायक अभियंता एवं तकनीकी सहायक नरेश मालव व दायीं नहर खंड सीएडी चंबल अंता के सहायक अभियंता अमित कुमार बोहरा को चार्जशीट जारी की।

अधीक्षण अभियंता (प्रशासन) द्वारा जारी आदेश के अनुसार- दायीं मुख्य नहर सीएडी चंबल क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों की जांच में गुणवत्ता संबंधी खामियां सामने आईं। जल संसाधन मंत्री ने कहा- परियोजनाओं में घटिया सामग्री या लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### गुणवत्ता से समझौता नहीं करने के निर्देश

विभागीय अधिकारियों के अनुसार- निर्माण कार्यों में मानक सामग्री का उपयोग नहीं पाया गया, जो गंभीर लापरवाही मानी गई है। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और गुणवत्ता से किसी भी तरह का समझौता न हो। यह कार्रवाई विभाग की 'जीरो टॉलरेंस' नीति का हिस्सा मानी जा रही है। आने वाले समय में भी ऐसे मामलों में सख्त कदम उठाए जाएंगे, ताकि जनहित से जुड़े कार्य तय मानकों के अनुसार पूरे हो सकें।

### मंत्री ने दौरा किया था तो जताई थी नाराजगी

बता दें 2 मई को ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कोटा के सांगोद विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया था। उन्होंने हरिश्चंद्र सागर परियोजना के तहत चल रहे नहरों के सेकेंड फेज के मरम्मत कार्यों का जायजा लिया था। मंत्री नागर ने नहरों पर चल रहे निर्माण कार्य से टाइल हटवाकर निर्माण सामग्री की भी जांच की। अधिकारियों को सख्त लहजे में चेतावनी दी थी कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## स्पाइसजेट और प्रवर्तक अजय को झटका, याचिका खारिज, लगा जुर्माना

### -कोर्ट ने 19 जनवरी को 144 करोड़ रुपए जमा करने का दिया था आदेश

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली हाईकोर्ट का फैसला सामने आने से विमानन कंपनी से जुड़ा बड़ा विवाद फिर चर्चा में आ गया। बता दें कि कोर्ट ने स्पाइसजेट और उसके प्रवर्तक अजय सिंह की वह याचिका खारिज कर दी है, जिसमें उन्होंने पहले दिए गए आदेश की समीक्षा की मांग की थी। इस आदेश के तहत उन्हें 144 करोड़ रुपए जमा करने को कहा था, जिसे लेकर उन्होंने राहत की गुहार लगाई थी। जानकारी के मुताबिक न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने याचिका को खारिज करते हुए स्पाइसजेट और अजय सिंह पर 50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। कोर्ट ने साफ कहा कि मामला खारिज किया जाता है और पहले दिया गया आदेश लागू रहेगा। बता दें कोर्ट ने 19 जनवरी को स्पाइसजेट को कुल 194 करोड़ रुपए की स्वीकृत देनदारी में से 144 करोड़ रुपए छह सप्ताह के अंदर जमा करने का निर्देश दिया था। बाद में इस समय सीमा को 18 मार्च तक बढ़ा दी थी। बताया जा रहा है कि स्पाइसजेट और अजय सिंह ने पश्चिम एशिया में जारी युद्ध और कंपनी की खराब वित्तीय स्थिति का हवाला देते हुए इस आदेश पर पुनर्विचार की मांग की थी। उन्होंने कोर्ट को यह भी प्रस्ताव दिया कि नकद राशि जमा करने के बजाय गुरुग्राम स्थित एक व्यावसायिक संपत्ति को गारंटी के तौर पर स्वीकार कर लिया जाए। साथ ही यह भी कहा कि केंद्र सरकार से कुछ सहायता मिलने की उम्मीद है। हालांकि दूसरी ओर कलानिधि मारन और उनकी कंपनी कल एयरवेज ने इस पुनर्विचार याचिका का कड़ा विरोध किया। उनका कहना था कि इसी तरह के तर्क पहले भी सुप्रीम कोर्ट में रखे जा चुके हैं और वहां उन्हें खारिज किया जा चुका है। ऐसे में इस आधार पर दोबारा राहत नहीं दी जानी चाहिए।

## बंगाल चुनाव पर रामदेव की प्रतिक्रिया, यह सबक उनके लिए जो सोचते हैं कोई उन्हें हिला नहीं सकता



नई दिल्ली (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल के रुझानों को लेकर योग गुरु बाबा रामदेव ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। पश्चिम बंगाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीजेपी की जीत हो रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उनके योद्धाओं के नेतृत्व में जो बंगाल में हुआ है, वहां अप्रत्याशित है, ऐतिहासिक है। बहुत मायनों में ये सबक है कि हम यहां स्थापित हैं और हमें सत्ता से कोई हिला नहीं सकता है। उन्होंने कहा, वर्चस्ववाद के उन्माद में जो लोग पगलाए हुए थे, उनके लिए ये बंगाल का चुनाव एक बहुत बड़ा सबक है कि अब आपको विजय चाहितए है, तब अंतिम वोटर से लेकर बूथ मैनेजमेंट तक राजनीति की सभी दिशाओं को आपको साधना होगा। जो लोग हिंदू समाज को जाति वर्ग समुदायों में बांटकर एक मजहबी तुष्टिकरण कुचक्र को स्थापित करना चाहते थे उनके लिए भी बड़ा सबक है।

## नदी में कार गिरने से 4 लोगों की मौतें

कबीरधाम(एजेंसी)। छत्तीसगढ़ के कवर्धा में देर रात तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर फोक नदी में जा गिरी। इस हादसे में कार सवार 4 युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 2 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना पांडातराई थाना क्षेत्र की है। शुरुआती जानकारी के अनुसार सभी युवक बिरगांव (रायपुर) से पंडरिया में शादी में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान पांडातराई के पास कार का बैलेंस बिगड़ा और पलटते हुए 30 फीट नीचे नदी में जा गिरी। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने घायलों को बाहर निकला और पुलिस को हादसे की सूचना दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेस की मदद से अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। जहां दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। दोनों घायलों को रायपुर रेफर किया गया है। परिजनों को भी हादसे की सूचना दे दी गई है। वहीं मृतकों के शवों का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेजा गया है। पीएम के बाद परिजनों को शव सौंपा जाएगा।

## सड़क पर सोने की अफवाह ने बटोरी भीड़ : वलसाड में हर चमकती चीज़ सोना नहीं निकली

वलसाड (एजेंसी)। गुजरात के वलसाड जिले में हाल ही में अजीबोगरीब घटना देखने को मिली, जहां नारगोल कोस्टल हाइवे पर सड़क किनारे पड़े कुछ चमकदार टुकड़ों को लोग सोना समझ बैठे। दोपहर की तेज धूप में इन टुकड़ों पर जब रोशनी पड़ी, तब वे वाकई सोने की तरह चमकने लगे, जिसने वहां से गुजर रहे लोगों का ध्यान खींचा। देखते ही देखते यह अफवाह बिजली की तरह फैल गई कि सड़क पर खजाना यानी सोना बिखरा पड़ा है।

जैसे ही यह खबर आसपास के गांवों और बस्तियों तक पहुंची, लोग अपना काम छोड़कर सड़क की ओर दौड़ पड़े। विशेषकर महिलाएं और बच्चे बड़ी संख्या में वहां पहुंचे, कोई दुपट्टे में, तब कोई थैली में इन चमकदार टुकड़ों को बटोरने लगा। चिलचिलाती गर्मी और धूप की परवाह किए बिना सड़क पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। हर कोई झुक-झुककर इन टुकड़ों को उठाने की होड़ में था, जैसे उन्हें सचमुच कोई बड़ा खजाना मिल गया हो। इस पूरे घटनाक्रम को किसी ने मोबाइल पर कैद कर लिया और वीडियो सोशल मीडिया पर तुरंत वायरल हो गया, जिससे हर कोई यह देखकर हैरान था कि आखिर सड़क पर क्या गिर गया, जिसे लोग सोना समझ बैठे। हालांकि, सोने की कहानी का सच ज्यादा देर तक छिपा नहीं रह सका। स्थानीय स्तर पर इन टुकड़ों की जांच की गई, तो पता चला कि ये कीमती धातु सोना नहीं, बल्कि साधारण तांबा या पीतल जैसे धातु के टुकड़े थे। जो लोग इन्हें खजाना समझकर खुशी-खुशी बटोर रहे थे, उन्हें बाद में निराशा हाथ लगी। सच्चाई सामने आने से पहले ही बड़ी मात्रा में ये टुकड़े लोग अपने साथ ले जा चुके थे।

# ममता और स्टालिन का प्रदर्शन सिर्फ दो दलों की हार नहीं, क्या अब इंडिया गठबंधन टिक पाएगा?





**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 4 मई को अब तक आए चुनावी नतीजों के बाद 5 राज्यों की चुनावी तस्वीर करीब साफ हो चुकी है। जहां बंगाल में पहली बार बीजेपी सरकार बनाने जा रही है। वहीं तमिलनाडु में अभिनेता से राजनेता बने विजय की पार्टी ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। बंगाल और तमिलनाडु दोनों ही राज्यों में बदलाव के साथ दो सबसे शक्तिशाली क्षेत्रीय नेताओं को गहरा धक्का लगा है। इन नेताओं की हार का असर आने वाले आम चुनाव और विपक्षी एकता पर पड़ना तय है। बीजेपी पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के चौथे कार्यकाल की उम्मीदों पर पानी फेरती दिख रही है। वहीं तमिलनाडु में स्टालिन अपनी कुर्सी गंवा बैठे हैं और टीवीके प्रमुख थलपति विजय का मुख्यमंत्री बनना तय है।

बात दें कि स्टालिन और ममता दोनों विपक्षी इंडिया गठबंधन के सबसे प्रमुख चेहरों में से हैं। दोनों नेता अब तक अपने-अपने राज्यों में भाजपा के विस्तार को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे थे। पिछले कुछ चुनावों में कांग्रेस की कई हार के बाद विपक्ष के चेहरे के रूप में राहुल गांधी के नाम पर इंडिया गठबंधन के भीतर ही सवाल थे। वहीं अब ममता बनर्जी और स्टालिन को चुनाव में जो झटका लगा है वह इंडिया गठबंध की स्थिति को और जटिल कर देगा।

2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी अपने दम पर सरकार बनाने से चूकी थी। बीजेपी जितनी सीटों की उम्मीद लगाए बैठी थी उसके मुताबिक सफलता नहीं मिली। साथ ही सवाल उठने लगे कि बीजपी की स्थिति अब कमजोर हो रही है लेकिन आम चुनाव के बाद कई राज्यों में बीजेपी ने जीत हासिल आकलन को गलत साबित किया। 2024 के लोकसभा चुनावों के बाद बीजेपी ने महाराष्ट्र, हरियाणा, बिहार, दिल्ली और ओडिशा सहित कई राज्यों में अपनी स्थिति मजबूत की है। पश्चिम बंगाल में मिली जीत ने इस दायरे को और भी बढ़ाया है।

आज आए नतीजों में तमिलनाडु में न केवल डीएमके की हार हुई बल्कि सीएम एमके स्टालिन अपनी सीट भी हार गए है। डीएमके ने 2021 में एआईएडीएमके को हराकर सत्ता में वापसी की और 234 में से 133 सीटें जीतीं। लेकिन यह चुनाव तमिलनाडु के राजनीतिक परिदृश्य में बदलाव लेकर आया है। वहीं बंगाल में 2011 में ममता सत्ता में आईं और उन्होंने लेफ्ट के तीन दशक के शासन का अंत किया। बीजेपी की बढ़ती चुनौती के बावजूद उन्होंने 2016 और 2021 में अपनी स्थिति मजबूत की। लेकिन अब चौथी बार जीत का सपना टूट गया।

तमिलनाडु में लंबे समय से डीएमके और एआईएडीएमके का वर्चस्व रहा लेकिन इस चुनाव में टीवीके के उदय ने कई राजनीतिक पंडितों को चौंका दिया। राजनीतिक विश्लेषक टीवीके की लोकप्रियता में इस उछाल का एक बड़ा कारण विजय की व्यक्तिगत लोकप्रियता को मानते हैं, खासकर युवा और महिला मतदाताओं के बीच। थलपति के नाम से जाने जाने वाले विजय ने तीन दशकों के फिल्मी करियर में अपनी दमदार फैन फॉलोइंग के साथ राजनीति में कदम रखा और अब पहले ही चुनाव के बाद उनका राज्य का अगला सीएम बनना लगभग तया है।

## लालू परिवार को राबड़ी आवास खाली करने का अल्टीमेटम : सरकार ने दिया 15 दिन का समय

### बेटी रोहिणी ने नोटिस को लालू यादव का अपमान बताया

पटना (एजेंसी)। बिहार की राजनीति में एक बड़ी हलचल सामने आई है, जहाँ सम्राट सरकार ने पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनके परिवार को पटना के 10 सर्कुलर रोड स्थित सरकारी आवास राबड़ी आवास खाली करने के लिए 15 दिनों का समय दे दिया है। यह वहीं आवास है जहाँ पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव रहते हैं। सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार, सम्राट सरकार ने पहले भी करीब एक साल पहले 25 नवंबर को आवास खाली करने का आदेश दिया था, लेकिन लालू परिवार की ओर से अब तक आवास खाली नहीं किया गया। इसके बाद अब सम्राट सरकार ने सख्त रुख दिखाकर अंतिम चेतावनी दी है। भवन निर्माण विभाग के अधिकारियों द्वारा जारी नोटिसों में राबड़ी देवी के अलावा, हाल ही में चुनाव हार चुके कई पूर्व विधायकों को भी सरकारी बंगले खाली करने को कह दिया गया है। बताया जा रहा है कि लालू परिवार करीब 20 वर्षों से 10 सर्कुलर रोड स्थित आवास में रह रहा था। भवन निर्माण विभाग ने राबड़ी देवी को पहला नोटिस तब जारी किया था जब उन्हें बिहार विधान परिषद के आवासन के लिए पटना के 39 हार्डिंग रोड पर एक नया आवास आवंटित किया गया था। इस घटनाक्रम पर लालू यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस सुशासन बाबू का विकास मॉडल बताकर लालू प्रसाद का अपमान करार दिया और लिखा, घर से निकल सकते हो, बिहार की जनता के दिल से कैसे निकालिएगा। हालांकि, इस पूरे मामले पर अभी तक सरकार या संबंधित विभाग की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है, जिससे राजनीतिक गलियारों में अटकलें और तेज हो गई हैं।

## देश के कई राज्यों में आंधी-बारिश का प्रकोप: 4 की मौत, यूपी में 64 जिलों में अलर्ट



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** देश के राजस्थान, बिहार, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश सहित करीब 10 राज्यों में आंधी-बारिश और ओलावृष्टि का दौर जारी है। बीते 24 घंटों में खराब मौसम के चलते चार लोगों की जान गई है। इसमें राजस्थान में तीन और उत्तर प्रदेश में एक व्यक्ति शामिल है। जम्मू-कश्मीर में भूस्खलन के कारण एक महत्वपूर्ण सड़क मार्ग बंद हुआ है, जिससे यातायात प्रभावित हुआ है।

उत्तर प्रदेश में खराब मौसम ने जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लखनऊ में सुबह से तेज हवाएं चल रही हैं राजस्थान के दौसा, कोटपूतली-बहरोड़, अलवर और हनुमानगढ़ जैसे जिलों में आंधी के साथ भारी बारिश और ओलावृष्टि दर्ज की गई, जिससे कई झुग्गी-झोपड़ियां उखड़ गईं और जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे पर पेड़ गिरने से 40 मिनट तक लंबा जाम लगा रहा। हरियाणा के सिरसा, भिवानी और महेंद्रगढ़ में भी तेज बारिश के साथ ओले गिरे, वहीं उत्तराखंड के 11 जिलों में बारिश हुई, जिसमें नैनीताल, देहरादून और अल्मोड़ा में ओलावृष्टि की सूचना है। जम्मू-कश्मीर के लघामा में हुए भूस्खलन के कारण बारामूला-उरी नेशनल हाईवे को बंद करना पड़ा, और यातायात को वैकल्पिक मार्गों से डायवर्ट किया गया है। मौसम विभाग ने राजस्थान के 19 जिलों के लिए ऑरेंज और 8 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।

आगामी दो दिनों तक भी मौसम का मिजाज ऐसा ही बने रहने का अनुमान है। 5 मई को जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बारिश के साथ बिजली गिरने की आशंका है, जबकि उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड और ओडिशा में आंधी-बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा, असम, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है। 6 मई को पंजाब, हरियाणा, दिल्ली सहित कई अन्य राज्यों में भी बारिश का अनुमान है।

# रुझानों को लेकर शशि थरूर बोले- सीएम को लेकर अभी कोई चर्चा नहीं

### -केरल में यूडीएफ का बेहतरीन प्रदर्शन, राज्य में राजनीतिक तौर-तरीकों को बदलना जरुरी



**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)।** केरल में शुरुआती रुझानों से पता चलता है कि कांग्रेस 50 से ज्यादा सीटों पर आगे है। पार्टी नेता शशि थरूर ने सोमवार को कहा कि सरकार, नीति और राज्य के पुनरुद्धार में तत्काल बदलाव की जरुरत है। थरूर ने 140 सदस्यीय विधानसभा में संयुक्त लोकतांत्रिक गठबंधन (यूडीएफ) के अच्छे प्रदर्शन पर भरोसा जताया। थरूर ने कहा कि हम बदलाव की पार्टी हैं। हम इस सरकार के दस साल के राजनीतिक तौर-तरीकों को बदलना चाहते हैं और यह बदलाव इतना जरूरी है कि इसे बदलना ही पड़ेगा। मेरे विचार से एक नई तरह की राजनीति बेहद जरुरी है।

सीएम पद को लेकर उन्होंने कहा कि हम अभी इस विषय पर चर्चा नहीं करना चाहते। चुनाव परिणाम आने दीजिए। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे साहब जीतने वाले विधायकों से बात करने के लिए किसी को भेजेंगे। उसके बाद वे अपनी राय देंगे। फिर हाईकमान इसका फैसला करेगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी शुरूआती रुझानों के मुताबिक केरल में कांग्रेस 61 सीटों पर आगे चल रही है, जबकि सीपीआई (एम) 29 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। राज्य भर में मतगणना जारी रहने के दौरान, सीपीआई नौ सीटों पर, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) 22 सीटों पर और बीजेपी सिर्फ एक सीट पर आगे है।

थरूर ने केरल को निवेश का स्वर्ग बनाने, रोजगार सृजित करने और पलायन रोकने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि मेरे विचार नई सरकार के लिए भी उपयोगी साबित होंगे, लेकिन मेरा संदेश निश्चित रूप से विकास का होगा, इस भयावह वित्तीय स्थिति को पूरी तरह से बदलना होगा, केरल को एक बार फिर निवेश का स्वर्ग बनाने के लिए जरुरी कार्य करना होगा, ताकि हम विकास कर सकें, अपने लोगों के लिए रोजगार सृजित कर सकें और ऐसी स्थिति को रोक सकें जहां हमारे युवा राज्य छोड़कर जा रहे हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि उनके पास अवसर नहीं हैं।

## टीएमसी को अपने भ्रष्टाचार का जवाब मिला : हुमायूं कबीर

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के रुझानों पर आम जनता उन्नयन पार्टी (एजेयूपी) के अध्यक्ष हुमायूं कबीर ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की अपेक्षित हार राज्य में हुए व्यापक भ्रष्टाचार और जनविरोधी फैसलों का सीधा परिणाम है। कबीर ने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि जनता ने टीएमसी को आखिरकार जवाब दे दिया है, जो कि टीएमसी को मिलाना चाहिए था। एजेयूपी प्रमुख कबीर ने कहा, मैंने पहले ही अनुमान लगाया था कि भाजपा को टीएमसी से अधिक सीटें मिलेंगी। टीएमसी ने अपने तीन बार के कार्यकाल में सिर्फ लोगों पर अत्याचार किया, जमकर भ्रष्टाचार किया और गलत निर्णय लिए। उन्होंने राज्य में बढ़ती बेरोजगारी, खराब सड़कों, लचर शिक्षा व्यवस्था और अस्पतालों की दयनीय स्थिति का हवाला दिया, जहाँ एक बिस्तर पर तीन-तीन मरीजों का इलाज होता है। एजेयूपी कबीर के अनुसार, इन सभी विफलताओं के कारण ही टीएमसी को सत्ता से बाहर होना पड़ रहा है। भाजपा की संभावित जीत पर उन्होंने कहा कि उन्हें कोई आपत्ति नहीं है, क्योंकि यह बंगाल की जनता का जनादेश है। यदि जनता ने भाजपा को वोट दिया है, तब उनकी जीत स्वाभाविक है। इस बीच, हुमायूं कबीर ने खुद रेजीनगर और नाओदा विधानसभा सीटों पर अपनी जीत का दावा किया, जहाँ वे फिलहाल आगे चल रहे थे। गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल में दो चरणों में हुए विधानसभा चुनावों के वोटों की गिनती सोमवार सुबह 8 बजे शुरू हुई। सोमवार दोपहर 1:30 बजे तक चुनाव आयोग के रुझानों के अनुसार, 291 सीटों पर भाजपा 194 सीटों पर बढ़त बनाए हुए थी, जबकि सत्तारूढ़ टीएमसी 92 सीटों पर आगे थी। ऑल इंडिया सेकुलर फ्रंट दो और माकपा एक सीट पर बढ़त पर थी, जबकि कांग्रेस राज्य में शून्य पर बनी हुई थी।

# लिपुलेख मार्ग से कैलाश मानसरोवर यात्रा पर नेपाल की आपत्ति

### - भारत ने क्षेत्रीय दावों को किया खारिज



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नेपाल ने एक बार फिर लिपुलेख दर्रे के माध्यम से प्रस्तावित कैलाश मानसरोवर यात्रा को लेकर कूटनीतिक मोर्चा खोल दिया है। काठमांडू ने भारत और चीन दोनों देशों को संदेश भेजकर इस मार्ग के उपयोग पर अपनी आधिकारिक आपत्ति दर्ज कराई है। नेपाल सरकार का तर्क है कि 1816 की सुगौली संधि के आधार पर लिपुलेख, लिम्पियाधुरा और कालापानी उसके संप्रभु क्षेत्र का हिस्सा हैं। यह विवाद ऐसे समय में दोबारा गरमाया है जब भारत ने जून और अगस्त के बीच इस पारंपरिक मार्ग से तीर्थयात्रा आयोजित करने की योजना साझा की है। नेपाल का कहना है कि महाकाली नदी के पूर्व में स्थित ये तमाम इलाके उसके अभिन्न अंग हैं और उसने कूटनीतिक माध्यमों से अपनी स्थिति स्पष्ट कर दी है।

नेपाल के इन दावों पर भारत के विदेश मंत्रालय ने कड़ी और स्पष्ट प्रतिक्रिया दी है। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने दो टूक शब्दों में कहा कि इस मामले पर भारत का रुख हमेशा से सुसंगत और स्पष्ट रहा है। भारत ने स्पष्ट किया कि लिपुलेख दर्रा साल 1954 से ही कैलाश मानसरोवर यात्रा का पारंपरिक मार्ग रहा है और दशकों से श्रद्धालु इसी रास्ते का उपयोग करते आ रहे हैं, इसलिए इसमें कोई भी नया बदलाव या उल्लंघन नहीं हुआ है। भारत ने नेपाल द्वारा पेश किए गए क्षेत्रीय दावों को पूरी तरह से खारिज करते हुए कहा कि ये दावे न तो ऐतिहासिक तथ्यों पर आधारित हैं और न ही इनके पीछे कोई ठोस साक्ष्य है। भारत ने यह भी साफ कर दिया है कि किसी भी देश द्वारा एकतरफा तरीके से सीमा विस्तार दिखाना या दावों को पेश करना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार्य नहीं है। नेपाल सरकार की ओर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया है कि उसने चीन को भी इस संबंध में सूचित किया है कि लिपुलेख उसके क्षेत्राधिकार में आता है। नेपाल का आग्रह है कि इस विवादित क्षेत्र में सड़क निर्माण, व्यापारिक विस्तार या तीर्थ यात्रा जैसी कोई भी गतिविधि न की जाए। हालांकि, इन तल्खियों के बीच दोनों देशों ने संवाद की गुंजाइश बरकरार रखी है। भारत ने स्पष्ट किया है कि वह नेपाल के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधों को महत्व देता है और सीमा से जुड़े सभी लंबित मुद्दों को आपसी बातचीत और कूटनीतिक माध्यमों से सुलझाने के लिए हमेशा तैयार है। वहीं, नेपाल ने भी ऐतिहासिक संधियों और साक्ष्यों के आधार पर समाधान निकालने की प्रतिबद्धता दोहराई है, लेकिन फिलहाल लिपुलेख मार्ग को लेकर दोनों पड़ोसी देशों के बीच कूटनीतिक गतिरोध बना हुआ है।

## कूटनीति के मोर्चे पर मई का महीना भारत के लिए अहम, मोदी इस महीने करेंगे चार यूरोपीय देशों की यात्रा




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मई के मध्य यूरोप के चार देशों की अहम यात्रा पर जाएंगे। कूटनीति के मोर्चे पर मई का महीना भारत के लिए अहम होने जा रहा है। इस दौरान इटली, वेटिकन, नॉर्वे, स्वीडन, नीदरलैंड जैसे देशों के साथ ट्रेड, रक्षा सहयोग, यूक्रेन और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष पर चर्चा होने की संभावना है। पीएम मोदी के यूरोप की यात्रा के दौरान संयुक्त अरब अमीरात में भी कुछ देर रुकने की उम्मीद है। इस चार देशों की यात्रा के दौरान द्विपक्षीय संबंधों, व्यापार, तकनीकी सहयोग और रणनीतिक साझेदारी जैसे कई मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है।

ईरान-अमेरिका-इजरायल में तनाव के बीच कूटनीति के मोर्चे पर मई का महीना भारत के लिए अहम होने जा रहा है। अमेरिका के साथ कम होते भरोसे के बाद यूरोपीय देशों भारत की तरफ नजर बना रहे हैं, क्योंकि एशिया में भारत के साथ साझेदारी दोनों ही पक्षों के लिए एक फायदा का सौदा साबित हो सकती है। ट्रंप प्रशासन के बढ़ते दबाव के बीच भारत-यूरोप संबंधों ने लगातार स्थिर प्रगति की है। अब मध्य यूरोप के इन चार देशों का दौरा भी इस प्रगति में एक और कदम माना जा रहा है। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार वह 15-17 मई तक नीदरलैंड, 17 मई को स्वीडन, 17-19 मई तक नॉर्वे और 19-20 मई तक इटली का दौरा करेंगे। इस चार देशों की यात्रा के दौरान द्विपक्षीय संबंधों, व्यापार, तकनीकी सहयोग और रणनीतिक साझेदारी जैसे कई मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। 15 मई को ओस्लो में होने वाला तीसरा भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन, जिसमें भारत, डेनमार्क, आइसलैंड, नॉर्वे, स्वीडन और फिनलैंड के नेता एक साथ जुटेंगे, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यूरोप दौरे का मुख्य एजेंडा है। भारत के नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली के साथ मजबूत राजनयिक, आर्थिक और रणनीतिक संबंध हैं। ये यूरोपीय देश भारत के प्रमुख व्यापारिक साझेदार हैं, नीदरलैंड श्व में सबसे बड़ा, इटली चौथा, सेमीकंडक्टर, जल प्रबंधन, रक्षा, हरित ऊर्जा, नवाचार और जलवायु पर सहयोग बढ़ रहा है। पीएम मोदी की इस यात्रा से ये संबंध और मजबूत होंगे।

# जल संकट गहराया: पाकिस्तान टॉप 10 देशों में शामिल, भारत में भी खतरा बढ़ा


**नई दिल्ली(एजेंसी)।** दक्षिण एशिया में लगातार बढ़ती गर्मी और तेजी से घटते जल संसाधन गंभीर पर्यावरणीय और सामाजिक संकट की ओर इशारा कर रहे हैं। अप्रैल के अंत तक भारत और पाकिस्तान में रिकॉर्ड तोड़ तापमान दर्ज हुआ हैं, जिससे हीटवेव की स्थिति और अधिक भयावह हो गई। इस भीषण गर्मी ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। कई क्षेत्रों में पानी की मांग तेजी से बढ़ी है, जबकि उपलब्धता लगातार कम हो रही है।

मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि जल संकट अब केवल किसी एक देश या क्षेत्र की समस्या नहीं रहा है, बल्कि यह एक वैश्विक चुनौती बन चुका है। दुनिया के कई देशों में प्रति व्यक्ति जल उपलब्धता लगातार घट रही है, जो भविष्य के लिए गंभीर संकेत है। इसी कड़ी में पाकिस्तान उन शीर्ष 10 देशों में शामिल हो गया है, जहां प्रति व्यक्ति जल उपलब्धता बेहद कम स्तर पर पहुंच चुकी है। वहां जल संकट के पीछे कई कारण जिम्मेदार हैं, जैसे अनियंत्रित जनसंख्या वृद्धि, कमजोर जल प्रबंधन प्रणाली और जलवायु परिवर्तन का व्यापक प्रभाव है।

पाकिस्तान की स्थिति इसलिए भी चिंताजनक है, क्योंकि वहां की अधिकांश जल आपूर्ति सिंधु नदी प्रणाली पर निर्भर है। वर्षा के अनियमित पैटर्न और बर्फबारी में कमी ने संकट को बढ़ा दिया है। इसके अलावा कृषि और घरेलू उपयोग में पानी की अत्यधिक खपत भी स्थिति को बिगाड़ रही है।

वहीं भारत में भी स्थिति धीरे-धीरे चिंताजनक होती जा रही है। हालांकि भारत अभी वैश्विक टॉप 10 जल संकटग्रस्त देशों में शामिल नहीं है, लेकिन यहां भी प्रति व्यक्ति जल उपलब्धता में लगातार गिरावट दर्ज हुई है। बढ़ती जनसंख्या, तेज शहरीकरण, भूजल का अत्यधिक दोहन और जल संरक्षण के प्रति जागरूकता की कमी इसके प्रमुख कारण हैं।

देश के कई राज्यों में भूजल स्तर खतरनाक रूप से नीचे जा चुका है। विशेष रूप से उत्तर भारत और पश्चिम भारत के कई हिस्सों में स्थिति गंभीर बनी हुई है। कई गांवों और शहरों में पानी की कमी रोजमर्रा की समस्या बन चुकी है। यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले वर्षों में यह संकट और भी गहरा सकता है।



# स्मार्ट हलचल की खबर का बड़ा असर: लाडपुरा में 500 मछलियों की मौत की जांच शुरू, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने लिया पानी का सैंपल

**2 मई को प्रमुखता से उठाया था मुद्दा; कनिष्ठ अभियंता ने मौके पर पहुंचकर लिए नमूने, लैब रिपोर्ट से होगा मौत के कारणों का खुलासा**

स्मार्ट हलचल

**लाडपुरा।** कस्बे के लाडपुरा चौराहे और भैरूजी मंदिर के समीप खाल (एनिकट) में एक साथ करीब 500 मछलियों के मृत मिलने के मामले में आखिरकार प्रशासन जाग गया है। 'स्मार्ट हलचल' द्वारा इस जल त्रासदी और भयंकर बदबू की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बाद प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड हरकत में आया है और मामले की उच्च स्तरीय जांच शुरू कर दी गई है।

### मौके पर पहुंचीं कनिष्ठ अभियंता:

मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की कनिष्ठ अभियंता शिल्पा सोमानी तुरंत मौके पर पहुंचीं। उन्होंने घटनास्थल का बारीकी से मौका मुआयना किया और उस प्रदूषित खाल/नाले के पानी का सैंपल (नमूना) लिया। इस दौरान स्थानीय ग्रामीण भी वहां मौजूद रहे, जिन्होंने पानी में कीटनाशक या जहरीला पदार्थ डाले जाने की आशंका जताई थी।


लाडपुरा: एनिकट में रातों-रात 500 से अधिक मछलियों की मौत, पानी में जहर मिलाने की आशंका

भैरूजी मंदिर खाल के पास जल त्रासदी; प्रदूषण या कीटनाशक को माना जा रहा मौत का कारण, ग्रामीणों में भारी रोष

### खबर छपने के बाद हरकत में आया विभाग:

गौरतलब है कि 2 मई को स्मार्ट हलचल ने 'लाडपुरा चौराहे पर खाल में मछलियां मृत, बदबू से परेशान' और 'पानी में जहर मिलाने की आशंका' शीर्षक से खबर प्रकाशित कर प्रशासन का ध्यान इस गंभीर पारिस्थितिक संकट की ओर खींचा था। खबर के प्रकाशन के बाद प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों ने इसे गंभीरता से लिया।

### लैब रिपोर्ट के बाद होगा असली कारणों का खुलासा:

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी ने बताया कि घटनास्थल से पानी के सैंपल सुरक्षित ले लिए गए हैं, जिन्हें परीक्षण के लिए प्रयोगशाला में भेजा जा रहा है। पानी में ऑक्सीजन की कमी (प्रदूषण) थी या किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा जानबूझकर इसमें कोई जहरीला पदार्थ मिलाया गया था—मछलियों की मौत के इन वास्तविक कारणों का आधिकारिक खुलासा लैब की जांच रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल स्मार्ट हलचल की इस खबर के असर से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है और उन्हें निष्पक्ष जांच की उम्मीद बंधी है।

# भीलवाड़ा में एसीबी का बड़ा ट्रैप: पीडब्ल्यूडी इंजीनियर समेत तीन दबोचे, 4.04 लाख की रिश्वत जब्त

**कलेक्ट्रेट परिसर में रंगे हाथों पकड़े गए, आवास व ठिकानों पर तलाशी जारी**

स्मार्ट हलचल | पुनित चपलोत

**भीलवाड़ा।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने मंगलवार को भीलवाड़ा में बड़ी कार्रवाई करते हुए सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता शहजाद मोहम्मद सहित दो ठेकेदारों को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी टीम ने आरोपियों के कब्जे से 4 लाख 4 हजार रुपए की रिश्वत राशि बरामद की है।

एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर भीलवाड़ा प्रथम चौकी की टीम ने ट्रैप कार्रवाई को अंजाम दिया । आरोप है कि अधिशाषी अभियंता शहजाद मोहम्मद द्वारा पीडब्ल्यूडी के ठेकेदारों से करवाए गए कार्यों के भुगतान और अन्य लाभ दिलाने के नाम पर अवैध वसूली की जा रही थी। यह राशि स्वयं के साथ-साथ अधीक्षण अभियंता खेमचंद मीणा के लिए भी एकत्र की जा रही थी।

महानिदेशक पुलिस गोविंद गुप्ता के अनुसार, विभाग में भ्रष्टाचार की लगातार मिल रही सूचनाओं के आधार पर टीम ने निगरानी शुरू की थी। जांच के दौरान लोकसेवकों और निजी व्यक्तियों की मिलीभगत से रिश्वत लेने का मामला



सामने आया। मंगलवार को एसीबी अजमेर रेंज के उप महानिरीक्षक नारायण टोगस के सुपरविजन में उप अधीक्षक पुलिस पारसमल व उनकी टीम ने कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में ट्रैप बिछाकर अधिशाषी अभियंता शहजाद मोहम्मद, ठेकेदार मोडूराम धाकड़ और बनवारीलाल को रिश्वत का लेनदेन करते हुए पकड़ लिया। मौके पर ही 4.04 लाख रुपए की नकद राशि जब्त की गई।

एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव और महानिरीक्षक एस. परिमला के निर्देशन में आरोपियों से पूछताछ जारी है। साथ ही उनके आवास एवं अन्य ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

# जिला कलेक्टर के सख्त निर्देश: जहाजपुर में अवैध खनन पर आज से हल्ला बोल, 11 मई तक चलेगा सघन अभियान


**राजस्व, पुलिस, वन और खान विभाग की संयुक्त टीम करेगी छापेमारी; खातेदारी भूमि में खनन मिला तो निरस्त होगी खातेदारी**

स्मार्ट हलचल

**जहाजपुर।** क्षेत्र में अवैध खनन, निर्गमन और भंडारण के खिलाफ प्रशासन ने कड़ा रुख अपना लिया है। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार विभिन्न विभागों की संयुक्त टीम आज से 11 मई 2026 तक सघन छापेमारी अभियान चलाएगी। इस दौरान अवैध खनन से जुड़े माफियाओं पर चारों तरफ से नकेल कसी जाएगी।

### पांच विभागों की संयुक्त टीम करेगी कार्रवाई:

अभियान को प्रभावी बनाने के लिए एक मजबूत संयुक्त जांच दल का गठन किया गया है। इसमें उपखंड स्तर के राजस्व अधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, परिवहन विभाग के निरीक्षक/उप निरीक्षक, वन विभाग के रेंजर और खान विभाग के खनिज अभियंता व तकनीकी कर्मचारी शामिल


कार्यालय आदेश

होंगे। इसके अलावा जरूरत पड़ने पर बॉर्डर होमगार्ड की सेवाएं भी ली जाएंगी। जिला कलेक्टर के स्पष्ट निर्देश हैं कि अभियान के दौरान प्रतिदिन की गई कार्रवाई की रिपोर्ट अनिवार्य रूप से खनि अभियंता (भीलवाड़ा) को ई-मेल के माध्यम से भेजी जाएगी।

### 90 दिन में राजसात होंगे वाहन, खातेदारी होगी निरस्त:

कलेक्टर संधू ने बताया कि अभियान के दौरान संवेदनशील और संभावित क्षेत्रों का लगातार निरीक्षण किया जाएगा। अवैध खनन में संलिप्त पाए जाने पर माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उनके वाहन, मशीनरी और उपकरण तुरंत जब्त किए जाएंगे। यदि प्रकरण दर्ज होने के 90 दिनों के भीतर कंपाउंडिंग नहीं होती है, तो संबंधित वाहन व उपकरणों को राजसात कर लिया जाएगा। सबसे बड़ी चेतावनी यह दी गई है कि यदि किसी की 'खातेदारी भूमि' में अवैध खनन पाया जाता है, तो उसकी खातेदारी निरस्त करने की कार्रवाई भी प्रस्तावित की जाएगी।

### ड्रोन और सीसीटीवी से रखी जाएगी नजर:

अवैध खनन की संभावनाओं को जड़ से खत्म करने के लिए सभी विभाग अपने-अपने नियमों के तहत सख्त कार्रवाई करेंगे। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस विभाग पर्याप्त बल उपलब्ध कराएगा। शासन के निर्देशानुसार इस बड़े अभियान में सीसीटीवी सर्विलांस, ड्रोन सर्वे, जब्त वाहनों को उठाने के लिए क्रेन व अन्य संसाधनों पर होने वाला पूरा खर्च डीएमएफटी फंड से वहन किया जाएगा।

# किसान के साथ हैवानियत की हद पार: गौशाला के नाम पर अपहरण, बेरहमी से पिटाई और लूट के आरोप

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

भीलवाड़ा जिले से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक किसान के साथ कथित रूप से गौशाला से जुड़े लोगों द्वारा अपहरण, मारपीट और लूटपाट की गंभीर वारदात को अंजाम दिया गया। इस घटना ने जिले की कानून व्यवस्था पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

### क्या है पूरा मामला?

भामाखेड़ा गांव निवासी किसान माधव लाल खारोल ने आरोप लगाया है कि वे बांसड़ा गांव से खेती के कार्य के लिए बैल लेकर लौट रहे थे। इसी दौरान बांसड़ा स्थित गौशाला से जुड़े कुछ लोगों ने उन्हें रोक लिया और पूछताछ शुरू कर दी। किसान के अनुसार, उन्होंने बैलों के सभी कागजात दिखाए और मालिक को



मौके पर बुलाया, इसके बावजूद विवाद शांत नहीं हुआ।

### 15-20 युवकों द्वारा मारपीट का आरोप

पीड़ित का कहना है कि आरोपियों ने बैल मालिक को वहां से भगा दिया और कुछ ही देर में 15-20 युवक मौके पर बुला लिए। इसके बाद उनके साथ बेरहमी से मारपीट की गई।

### कई जगह ले जाकर की पिटाई

किसान ने आरोप लगाया कि उन्हें जबरन वाहन में डालकर अलग-अलग गौशालाओं में ले जाया गया, जहां उनके साथ बार-बार मारपीट की गई। अंत में उन्हें बांसड़ा गांव के पास छोड़ दिया गया।

### मोबाइल और नकदी छीनने का भी आरोप

पीड़ित के अनुसार, इस दौरान उनका मोबाइल फोन और नकदी भी छीन ली गई।

### थाने में भी देरी का आरोप

घटना के बाद पीड़ित बागोर थाने पहुंचे, जहां उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराने की कोशिश की। उनका आरोप है कि पुलिस ने तत्काल रिपोर्ट दर्ज नहीं की और सुबह आने के लिए कहा।

### डराने-धमकाने की कोशिश

पीड़ित ने यह भी दावा किया कि आरोपियों ने उनका पीछा किया और रास्ते में रोकने की कोशिश की, जिससे उनमें भय का माहौल बना हुआ है।

### बड़े सवाल खड़े

इस घटना के बाद कई गंभीर सवाल उठ रहे हैं—क्या गौशाला के नाम पर कानून हाथ में लिया जा रहा है? क्या पुलिस की देरी आरोपियों को राहत देने का संकेत है?

### न्याय की मांग

पीड़ित माधव लाल खारोल ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और न्याय की मांग की है। फिलहाल, पुलिस की ओर से इस मामले में आधिकारिक प्रतिक्रिया का इंतजार है।

# महासंघ एकीकृत ने काली पट्टी बांध शुरु किया आंदोलन







स्मार्ट हलचल | राजेन्द्र खटीक

**शाहपुरा।** भीलवाड़ा-अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ एकीकृत के प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौर के आवाहन पर भीलवाड़ा जिलाध्यक्ष लक्की ब्यावट के नेतृत्व मे शुरु हुआ आंदोलन। कार्यकारी जिलाध्यक्ष अमित व्यास ने बताया की आरजीएचएस को सुचारू रूप से नही चालू करने एवं समर्पित अवकाश का भुगतान नहीं करनेऔर महात्मा गाँधी अस्पताल के कर्मचारीयो का वेतन नहीं आने, प्लेसमेंट एजेंसी के कर्मियों का वेतन और पीफ दिलवाने के स्वरूप महात्मा गाँधी अस्पताल भीलवाड़ा में काली पट्टी बांधकर विरोध स्वरुप राज कार्य किया गया! महासंघ के उपाध्यक्ष करण सिंह ने बताया की अगर जल्द सरकार समाधान नहीं करती है तो यह आंदोलन और उग्र हों जायेगा, जिला प्रवक्ता गिरिराज लड्ढा ने बताया की जिले मे आज सभी कर्मचारियों ने 1 घंटे सांकेतिक मीटिंग की और सरकार को चेताया इस दौरान प्रेमचंद खटीक, मुकेश मौर्य, विनोद पहाड़िया, पंकज राठी, विनोद सोनी, दिलकुश, चांदमल जीनगर, सत्यनारायण, बंधन चावला और कई कर्मचारी मौजूद रहे।

# ड्रग्स माफिया पर बड़ा प्रहार: डेढ़ करोड़ की अवैध संपत्ति जब्त

**भूमि और होटल पर पुलिस का कब्जा, एनडीपीएस मामलों में घिरे आरोपी पर कसा शिकंजा**

स्मार्ट हलचल | चित्तौड़गढ़/भीलवाड़ा

मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ चल रहे अभियान में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी की करीब डेढ़ करोड़ रुपये की अवैध संपत्ति जब्त कर ली। मंगलवाड़ थाना क्षेत्र में हुई इस कार्रवाई से ड्रग्स नेटवर्क में हड़कंप मच गया है।

पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर तस्करी से अर्जित संपत्तियों को चिन्हित कर लगातार जब्ती की कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में चकतिया निवासी रामेश्वर उर्फ रामेश्वरलाल पुत्र मोतीलाल अहीर को चिन्हित किया गया, जिसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत विभिन्न राज्यों में कई मामले दर्ज हैं।

### दिल्ली से मिली हरी झंडी, फिर चला बुलडोजर एक्शन

जांच के बाद आरोपी की 1.2081 हेक्टेयर भूमि और एक होटल को जब्त करने का प्रस्ताव सक्षम प्राधिकारी को भेजा गया था। सुनवाई के बाद भारत सरकार के सक्षम प्राधिकारी ने स्थायी जब्ती आदेश जारी किया।

### जमीन से लेकर होटल तक सीज:-

आदेश मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर संपत्ति को विधिवत जब्त कर लिया और सूचना पट्ट लगा दिए। प्रारंभिक आकलन में जब्त संपत्ति की कीमत करीब 1.5 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

पुलिस ने साफ किया है कि अवैध गतिविधियों से अर्जित संपत्तियों पर आगे भी इसी तरह कड़ा प्रहार जारी रहेगा, ताकि मादक पदार्थ तस्करी पर पूरी तरह लगाम लगाई जा सके।

# शाहपुरा: 'देवीय दोष' दूर करने का झांसा देकर महिला को किया सम्मोहित, नकदी और सोने की अंगूठी सहित पर्स ले उड़े ठग

**रामद्वारा बाजार की घटना; दो युवकों ने बातों में उलझाकर दिया वारदात को अंजाम, पुलिस कर रही तलाश**

स्मार्ट हलचल | शाहपुरा

कस्बे के रामनिवास धाम के बाहर रामद्वारा बाजार में मंगलवार सुबह ठगी की एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहां दो अज्ञात युवकों ने दर्शन कर लौट रही एक विधवा महिला को 'देवीय दोष' (ग्रह-क्लेश) से मुक्ति दिलाने का झांसा देकर उसे बातों में उलझा लिया और सम्मोहित कर सोने की अंगूठी, नकदी व दस्तावेजों से भरा पर्स लेकर फरार हो गए।

### रास्ते में रोककर बताया 'देवीय दोष':

जानकारी के अनुसार, शाहपुरा के तेली पाड़ा निवासी गोपीदेवी सिंधी (पत्नी स्व. रमेशचंद्र) मंगलवार सुबह रामद्वारा के दर्शन



कर पैदल ही घर लौट रही थीं। इसी दौरान रामद्वारा बाजार के फुटपाथ पर उन्हें एक अज्ञात युवक मिला। युवक ने गोपीदेवी को रोककर कहा कि उन पर 'देवीय दोष' है, जिसके कारण घर में कठिनाइयां आ रही हैं। उसने दोष निवारण के लिए कुछ उपाय करने की बात कहते हुए महिला से उनकी अंगूठी मांगी।

### सहयोगी ने दिया झांसा, सुध-बुध खो बैठी महिला:

अचानक हुई इस घटना से महिला घबरा गई और उसने अपनी अंगूठी उतारकर पर्स में रख ली। तभी वहां एक दूसरा युवक आ पहुंचा। उसने पहले वाले युवक की बातों का समर्थन करते हुए महिला से कहा कि यह व्यक्ति बिल्कुल सही कह रहा है, आप अपना पर्स इसे दे दो और जैसा यह कहे, वैसा करो। दोनों ठगों की बातों में उलझकर महिला सम्मोहित सी हो गई और अपनी सुध-बुध खो बैठी। उसने अपना पर्स उन्हें सौंप दिया। इसके बाद युवकों ने उसे कुछ कदम आगे चलकर वापस लौटने को कहा। जब महिला कुछ कदम चलकर वापस पलटी, तो दोनों युवक वहां से रफूचक्कर हो चुके थे।

### रोती हुई थाने पहुंची पीड़िता, पुलिस कर रही जांच:

ठगी का अहसास होने पर महिला के होश उड़ गए और वह रोने लगी। पीड़िता ने तुरंत अपने परिचितों को मौके पर बुलाया और भागकर पुलिस थाने पहुंची। पीड़िता गोपीदेवी ने पुलिस को बताया कि उनके पर्स में सोने की अंगूठी, करीब 2500 रुपये नकद, आधार कार्ड और कुछ जरूरी पर्चियां रखी हुई थीं। पुलिस ने मामला दर्ज कर इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के आधार पर ठगों की तलाश शुरू कर दी है, लेकिन फिलहाल दोनों शातिर ठगों का कोई सुराग नहीं लग पाया है।

# खबर का असर लेकिन अधूरा: सड़क किनारे खड़े बिजली पोल दे रहे हादसे को दावत, खतरा जस का तस

**काम रुकने के बाद न ठेकेदार लौटा, न बिजली विभाग जागा; ग्रामीणों ने पूछा- क्या विभाग किसी हादसे का इंतजार कर रहा है?**

स्मार्ट हलचल | अलकेश पारीक

**जहाजपुर।** क्षेत्र में सड़क किनारे नियमों को ताक पर रखकर लगाए जा रहे बिजली के पोलों का मामला मीडिया में उछलने के बाद भले ही थम गया हो, लेकिन लोगों की जान पर मंडरा रहा खतरा अभी भी जस का तस बना हुआ है। खबर प्रकाशित होने के बाद ठेकेदार ने काम तो बंद कर दिया, लेकिन बिजली विभाग ने अब तक न तो इन खतरनाक पोलों को वहां से हटाया है और न ही उन्हें सुरक्षित दूरी पर लगाने की कोई जहमत उठाई है।

### सड़क सीमा के अंदर खड़े पोल बने जानलेवा:


सड़क किनारे लगाए जा रहे बिजली पोल, नियमों की अनदेखी से बढ़ा खतरा

मौके पर हालत यह है कि सड़क के बिल्कुल किनारे और कई जगह तो सड़क सीमा के अंदर तक खड़े ये पोल हर दिन किसी बड़े हादसे को न्योता दे रहे हैं। खासकर रात के अंधेरे में या तेज रफ्तार वाहनों के लिए ये पोल सीधे तौर पर जानलेवा साबित हो सकते हैं। नियमों के मुताबिक सड़क किनारे किसी भी स्थायी संरचना या पोल को एक सुरक्षित दूरी पर लगाना अनिवार्य है, लेकिन यहां ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों द्वारा नियमों की खुलेआम अनदेखी की गई।

### भारी मशीनों से सड़क भी हुई क्षतिग्रस्त:

स्थानीय लोगों के अनुसार, पोल लगाने के दौरान भारी मशीनों का उपयोग किया गया, जिससे सड़क भी कई जगह से बुरी तरह टूटकर क्षतिग्रस्त हो गई है। इससे आवागमन और ज्यादा जोखिम भरा हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले खबर छपने के बाद उन्हें उम्मीद जगी थी कि अब सुधार होगा, लेकिन कुछ दिन बाद ही मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। ग्रामीणों ने अपनी पीड़ा जताते हुए कहा, 'न काम आगे बढ़ा, न गलती सुधारी गई। अब तो डर लगने लगा है कि कहीं कोई बड़ी घटना न हो जाए।'

### जिम्मेदारों की चुप्पी पर उठ रहे बड़े सवाल:

लगातार शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों ने इस पूरे मामले पर चुप्पी साध रखी है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए पूछा है कि जब खबर छपने के बाद काम रुक सकता है, तो व्यवस्था में सुधार क्यों नहीं किया जा रहा? क्या विभाग किसी बड़े हादसे और जनहानि होने का इंतजार कर रहा है? लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इन पोलों को सड़क से दूर सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया जाए।

# रीको द्वारा औद्योगिक भूखंडों का प्रत्यक्ष आवंटन योजना (दसवाँ चरण) के अन्तर्गत आवंटन प्रक्रिया प्रारंभ

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

रीको द्वारा जिले में स्थित औद्योगिक क्षेत्रों में 341 औद्योगिक भूखण्डों की प्रत्यक्ष आवंटन योजना (दसवाँ चरण) के माध्यम से आवंटन की प्रक्रिया प्रारम्भ की गई है। जिसमें औद्योगिक क्षेत्र फतेहपुरा-समेलिया, तहसील शाहपुरा में 231 भूखण्ड, करणपुरा तहसील माण्डलगढ में 43 भूखण्ड, कान्याखेडी, तहसील हमीरगढ में 04 भूखण्ड, उखलिया तहसील अंटाली में 03 भूखण्ड, पण्डेर (गुलाबपुरा), तहसील जहाजपुर में 17 भूखण्ड, धुवालां, तहसील माण्डल में 10 भूखण्ड, पीपलून्द, तहसील जहाजपुर में 06 भूखण्ड तथा किडीमाल, तहसील करेडा में 07 भूखण्ड आवंटन हेतु उपलब्ध है। औद्योगिक क्षेत्र फतेहपुरा-समेलिया में 02 वेयरहाउस भूखण्ड भी आवंटन हेतु रखे गये है।

इसके अतिरिक्त निगम प्रबंधन द्वारा नवीन औद्योगिक क्षेत्र टेक्सटाइल पार्क रूपाहेली, तहसील हुरडा के 18 औद्योगिक भूखंडों को इस चरण में आवंटन हेतु रखा गया है, जिसमें राजस्थान टेक्सटाइल एण्ड अपैरल पॉलिसी 2025 के अन्तर्गत आने वाले उद्योग व टेक्सटाइल संबंधित इकाईयां भूखण्ड आवंटन हेतु आवेदन कर सकती है। रीको के वरि0 उप महाप्रबंधक एस.के. नेनावटी ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र फतेहपुरा-समेलिया, पंडेर (गुलाबपुरा), पीपलून्द, धुवाला एवं किडीमाल को फ्लेक्सिबल लीज पॉलिसी के अंतर्गत शामिल किया गया है। जिसमें औद्योगिक भूखंडों का आवंटन विशेष रियायती, आरक्षित दर की 60 प्रतिशत दर पर 33 वर्ष की लीज अवधि के लिये किया जायेगा।

इच्छुक निवेषक को ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से भूखण्ड की कुल देय प्रीमियम राशि की 5 प्रतिशत अमानत राशि 14.05.2026 सायं 6.00 बजे तक जमा करानी होगी। एक भूखण्ड पर एक ही आवेदक होने पर सीधा आवंटन तथा एक से अधिक आवेदक होने पर ई-लॉटरी के माध्यम से आवंटन किया जायेगा।

निवेषक जिन्होंने इएमडी की अन्तिम तिथि तक राइजिंग राजस्थान के अन्तर्गत राज्य सरकार के साथ एमओयू किये है वे सभी इस योजना में भूखण्ड आवंटन हेतु पात्र है एवं भूखण्ड का आवंटन एमओयू धारक के नाम पर ही जारी किया जायेगा।

निगम नियमानुसार उद्यमियों की सुविधा के लिये आवेदक को 25 प्रतिशत राशि का भुगतान जमा कराने के बाद शेष 75 प्रतिशत राशि का भुगतान 19 त्रैमासिक किस्तों में 8.50 प्रतिशत ब्याज के साथ जमा कराने या 120 दिनों के भीतर ब्याज रहित भुगतान का प्रावधान है। 25 प्रतिशत राशि जमा कराते ही भूखण्ड का आवंटन पत्र एवं भूखण्ड का कब्जा निवेषक को प्रदान कर दिया जायेगा। इस योजना के तहत भूखण्ड देखने या आवेदन करने के लिये निवेषक पोर्टल पर दिए गए लिंक पर क्लिक करके विस्तृत विवरण देख सकते है। अधिक जानकारी के लिये रीको, कार्यालय भीलवाड़ा से सम्पर्क किया जा सकता है। आवंटी जिला उद्योग एवं वाणिज्यिक केन्द्र द्वारा राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ भी प्राप्त कर सकते है।

# भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर अधिवक्ताओं में उत्साह

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर जिला एवं सेशन न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं ने जमकर खुशी मनाई। भाजपा जिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष एडवोकेट बाबूलाल आचार्य के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा का माला व उपरना पहनाकर स्वागत किया और मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया।

अधिवक्ताओं ने इस विजय का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ कार्यकर्ताओं की मेहनत को दिया। इस मौके पर अभिभाषक संस्था अध्यक्ष उम्मेद सिंह राठौड़, महासचिव पंकज दाधीच, वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर लाल विजयवर्गीय, राघवेंद्रनाथ व्यास सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

# ऑपरेशन 'म्यूल हंटर': भवानीमंडी पुलिस ने साइबर ठगी के 8 आरोपी दबोचे

## बैंक खाते बेचकर करते थे फ्रॉड

स्मार्ट हलचल

**भवानी मंडी।** पुलिस के 'ऑपरेशन म्यूल हंटर' के तहत भवानीमंडी थाना पुलिस ने साइबर ठगी में लिप्त गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 8 आरोपियों को 04 मई को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी लालच देकर या किराये पर बैंक खाते लेकर उन्हें साइबर ठगों को 'म्यूल अकाउंट' के रूप में देते थे।





### गिरफ्तार आरोपी, पिता का नाम व पता:

1. आशीष मेहर उम्र 20 साल, पिता श्री लालचन्द मेहर, निवासी वार्ड नम्बर-22, भवानीमण्डी, जिला-झालावाड़ (राज.) 2. हेमन्त उम्र 51 साल, पिता श्री भैरूलाल, निवासी वार्ड नम्बर-08, मालीपुरा, थाना भानपुरा, जिला-मंदसौर (म.प्र.) 3. मनोज कुमार उम्र 46 साल, पिता श्री भैरूलाल, निवासी वार्ड नम्बर-08, मालीपुरा, थाना भानपुरा, जिला-मंदसौर (म.प्र.) 4. नैन सिंह उम्र 27 साल, पिता श्री मेहरबान सिंह, निवासी सागडिया, थाना मिश्रोली, जिला-झालावाड़ (राज.) 5. हेमराज शर्मा उम्र 25 साल, पिता श्री भैरूलाल, निवासी मैन बाजार कोटडी, थाना पिडावा, जिला-झालावाड़ (राज.) 6. गोवर्धन उम्र 29 साल, पिता श्री ओमप्रकाश, निवासी वार्ड नम्बर-07, राम मंदिर के पास, पचपहाड, भवानीमण्डी, जिला-झालावाड़ (राज.) 7. नन्द किशोर उम्र 20 साल, पिता श्री मदन लाल, निवासी गुराडिया भर्ता, थाना भवानीमण्डी, जिला-झालावाड़ (राज.) 8. राकेश कुमार पारेता उम्र 37 साल, पिता श्री नन्दलाल पारेता, निवासी बाय पास रोड, पावर हाउस रोड, पचपहाड, भवानीमण्डी, जिला-झालावाड़ (राज.)

जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि 09 अप्रैल 2026 को सूचना मिली थी कि ललित राणा अपने बैंक खाते को म्यूल अकाउंट के रूप में इस्तेमाल कर साइबर ठगी कर रहा है। तकनीकी जांच के बाद थानाधिकारी प्रमोद कुमार के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम ने 04 मई को दबिश देकर इन 8 आरोपियों को पकड़ा।

### कुल 11 गिरफ्तार

इस मामले में अब तक कुल 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इनके बैंक खातों में देश के अलग-अलग राज्यों से साइबर फ्रॉड की रकम ट्रांसफर हुई है। एस पी अमित कुमार ने आमजन से अपील की है कि लालच में आकर अपना बैंक खाता किसी अनजान को न बेचे और न ही किराये पर दे। साइबर अपराधी आपके खाते का इस्तेमाल ठगी के लिए कर सकते हैं और आप खुद कानूनी कार्रवाई की जद में आ सकते हैं। यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भागचंद मीणा और पुलिस उप अधीक्षक मनोज कुमार सोनी के सुपरविजन में थानाधिकारी प्रमोद कुमार, एएसआई अखेराम, तेजेन्द्र सिंह, विकास, लालाराम, महेश कुमार, मदनलाल व हरीराम की टीम ने की।

# अधूरी सड़क बनी मुसीबत, डामर नहीं होने से राहगीर हो रहे चोटिल

स्मार्ट हलचल



**नारायणपुर।** गांव जोधपुरा से कोलाहेड़ा रोड तक करीब 1.50 किलोमीटर लंबी सड़क इन दिनों लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। निर्माण कार्य के दौरान जहां एक हिस्से में सीसी सड़क बना दी गई, वहीं शेष मार्ग पर अब तक डामर नहीं डाला गया है, जिससे सड़क अधूरी पड़ी हुई है। डामर नहीं होने के कारण सड़क पर नुकीली रोड़ियां बिखरी पड़ी हैं, जो राहगीरों और वाहन चालकों के लिए खतरा बन गई हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग पर रोजाना लोगों का आवागमन रहता है, लेकिन अधूरी सड़क के चलते आए दिन लोग फिसलकर गिर रहे हैं और चोटिल हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि निर्माण कार्य लंबे समय से अधूरा पड़ा है, लेकिन संबंधित ठेकेदार द्वारा इसे पूरा करने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। इससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सड़क पर डामर डलवाकर निर्माण कार्य पूरा कराया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

# पूर्व मंत्री उदयलाल आंजना का जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मना, गहलोत व पायलट सहित दिग्गजों ने दी बधाई

स्मार्ट हलचल

**निंबाहेड़ा।** राजस्थान सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता उदयलाल आंजना का जन्मदिन मंगलवार को निंबाहेड़ा के पेच एरिया स्थित कांग्रेस कार्यालय में हर्षोल्लास और आत्मीय माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और आमजन ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर, उपर्णा ओढ़ाकर और केक काटकर शुभकामनाएं दीं।







### जनसेवा और सादगी की हुई सराहना:

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने आंजना के दीर्घ राजनीतिक अनुभव और जनसेवा के प्रति उनके समर्पण की सराहना करते हुए उन्हें क्षेत्रीय राजनीति का सशक्त स्तंभ बताया। वक्ताओं ने कहा कि उनका जीवन जनकल्याण और विकास के लिए समर्पित रहा है। इस दौरान यू.बी. आंजना ग्रुप्स के कर्मचारियों ने भी अपने मार्गदर्शक को बधाई दी। आयोजन में कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ ने संगठनात्मक एकजुटता का संदेश दिया।

### शीर्ष नेताओं ने दूरभाष पर दी शुभकामनाएं:

पूर्व मंत्री आंजना को उनके जन्मदिन पर प्रदेश के कई दिग्गज नेताओं ने फोन पर बधाई दी। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, राजस्थान कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट और एआईसीसी महासचिव धीरज गुर्जर ने दूरभाष के माध्यम से उन्हें मंगलकामनाएं प्रेषित कीं।

### आयोजन में ये प्रमुख लोग रहे उपस्थित:

इस अवसर पर मुख्य रूप से चित्तौड़गढ़ जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रमोद सिसोदिया, निंबाहेड़ा विधानसभा कांग्रेस प्रभारी राजसिंह झाला, चित्तौड़गढ़ नगर परिषद के निवर्तमान सभापति संदीप शर्मा, चित्तौड़गढ़ सरस डेयरी चेयरमैन बद्रीलाल जगपुरा, सेवादल के राष्ट्रीय प्रशिक्षक पीयूष त्रिवेदी, पूर्व पीसीसी सदस्य हनुमंत सिंह बोहेड़ा और जिला कांग्रेस के पूर्व महासचिव करण सिंह सांखला सहित कई गणमान्य नागरिक व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बेटियां माता-पिता की सहमति से करें विवाह: संत अनंतराम शास्त्री

## श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं ने मोहा श्रद्धालुओं का मन, गूंजे जयकारे, हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की

स्मार्ट हलचल

**बड़ीसादड़ी।** नंगाखेड़ी में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन मंगलवार को श्री रामद्वारा दिव्य आनंदधाम के संत अनंतराम शास्त्री महाराज ने अपने प्रवचनों के माध्यम से समाज को महत्वपूर्ण संदेश दिया। उन्होंने बेटियों को संबोधित करते हुए कहा कि माता-पिता की सहमति के बिना अपनी इच्छा से किया गया विवाह जीवन में स्थायित्व और सफलता प्रदान नहीं कर पाता। उन्होंने परिवारों को भी बच्चों को समय पर संस्कार और धर्म की शिक्षा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। शास्त्री महाराज ने कहा कि सनातन संस्कृति से जुड़कर ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। उन्होंने बढ़ती सामाजिक चुनौतियों पर चिंता व्यक्त करते हुए अभिभावकों से जागरूक रहने का आह्वान किया। अपने प्रवचन में उन्होंने भगवान की भक्ति को जीवन का आधार बताते हुए कहा कि 'राम नाम' का स्मरण व्यक्ति को सही मार्ग दिखाता है और जीवन को संवारता है। उन्होंने जातिगत संकीर्णता से ऊपर उठकर मानवता और सनातन के धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण जन्म एवं नंदोत्सव का भावपूर्ण वर्णन किया गया, जिससे श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। बच्चों द्वारा प्रस्तुत श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं ने सभी का मन मोह लिया। इस दौरान पूरा पंडाल 'हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की' के जयघोष से गूंज उठा। भजनों की मधुर स्वर लहरियों पर युवक-युवतियां, महिलाएं एवं बुजुर्ग भक्ति में लीन नजर आए। 'म्हारा सांवरिया गोकुल की गुजरियां' भजन पर श्रद्धालु विशेष रूप से झूमते दिखे। कथा में प्रतिदिन आसपास के गांवों से हजारों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। कथा में सूरज चौबीसा व उनकी टीम भजनों को मधुर स्वर दे रहे है। कथा में पूर्व प्रधान नंदलाल मेनारिया, पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि रवि मेनारिया, राजस्थान शिक्षाकर्मी संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं 'विचार एक संगठन अनेक' के संयोजक भगवतसिंह शक्तावत सहित तीन दर्जन से अधिक गांवों से लोग सम्मिलित हुए। आरती के पश्चात सभी भक्तों के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था कथा आयोजक लालचंद बेनीवाल, बाबूलाल एवं कमलसिंह बेनीवाल द्वारा की जा रही है।



# महाआरती व भंडारे के साथ हुआ रजत जयंती महोत्सव का समापन



## 'हरि की कथा का कोई अंत नहीं' – श्री राकेश जी मिश्रा

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

चंद्रेश्वर महादेव मंदिर के रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का समापन आज भव्य महाआरती एवं विशाल भंडारे के साथ श्रद्धा एवं भक्ति भाव से संपन्न हुआ। कथा के अंतिम दिवस पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर धर्म लाभ अर्जित किया और भगवान के दिव्य चरित्रों का श्रवण किया।

कथावाचक श्री राकेश जी मिश्रा महाराज ने समापन अवसर पर कहा कि 'हरि की कथा का कोई अंत नहीं है, यह अनंत है। जो भी श्रद्धा और भक्ति के साथ इसका श्रवण करता है, उसके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है।' उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अपने जीवन में धर्म, सेवा और संस्कारों को अपनाने का आह्वान किया। समापन के अवसर पर मंदिर परिसर में विशेष महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने एक साथ भाग लेकर भगवान भोलेनाथ की आराधना की। इसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। रजत जयंती महोत्सव के विराम दिवस पर चंद्रेश्वर महादेव का विशेष बर्फानी बाबा श्रृंगार किया गया।

पूरे महोत्सव के दौरान मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। श्री चंद्रेश्वर महादेव मंदिर समिति ने सभी संत-महात्माओं, अतिथियों एवं श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से यह रजत जयंती महोत्सव सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# रुडिप की सीएपपी अधिकारी को रिश्वत के मामले में एक वर्ष की सजा

**चित्तौड़गढ़।** भ्रष्टाचार निरोधक विशेष अदालत संख्या-02 उदयपुर ने 13 वर्ष पुराने प्रकरण में सड़क किनारे लगी केबिन हटाने की एवज में मिले मुआवजे का चेक देने की एवज में 2 हजार रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में तत्कालीन सहायक सामुदायिक अधिकारी (सीएपीपी आरयूआईडीपी) चित्तौड़गढ़ को 01 वर्ष के कारावास व 10 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है।

एसीबी चौकी से मिली जानकारी के अनुसार 20 फरवरी 2013 को बाबू लाल पिता मांगी लाल शर्मा निवासी हड़माला कच्ची बस्ती भोई खेड़ा चित्तौड़गढ़ ने एसीबी को दी शिकायत में बताया कि उसकी चाय की केबिन शास्त्री नगर चौराहे पर लगी हुई है। जिसे पाइप लाइन डालने के लिए आरयूआईडीपी द्वारा हटाया जा रहा है। जिसके मुआवजे के रुप में उसे 8260 रुपये का चेक देने की एवज में सहायक सामुदायिक अधिकारी चित्तौड़गढ़ उससे 2 हजार रुपये की रिश्वत मांग रही है।

एसीबी द्वारा कराए गए शिकायत के सत्यापन के दौरान नीतू जोशी अपनी सहयोगी के माध्यम से 1 हजार रुपये लेने के लिए तैयार हो गई। जिसके बाद एसीबी टीम ने कार्यवाही करते हुए जोशी की सहयोगी महिला को 1 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। एसीबी ने दोनो के विरुद्ध न्यायालय में चालान पेश किया। प्रकरण की सुनवाई पूर्ण कर न्यायालय ने आरोपी नीतू जोशी को रिश्वत लेने की दोषी मानते हुए 01 वर्ष के कारावास व 10 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है।

# एनएच-48 मनोहरपुर पर सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान

## क्यूआर कोड से मिलेगी 'ब्लैक स्पॉट्स' की जानकारी

स्मार्ट हलचल



**मनोहरपुर।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और आमजन को सुरक्षित सफर के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जयपुर रेंज पुलिस द्वारा एक अभिनव अभियान शुरू किया गया है। इसी क्रम में राष्ट्रीय राजमार्ग-48 पर मनोहरपुर थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें वाहन चालकों को 'ब्लैक स्पॉट्स' (दुर्घटना संभावित क्षेत्रों) के प्रति सतर्क रहने का संदेश दिया गया।

अभियान के तहत पुलिस ने सड़क किनारे बैनर और पोस्टर लगाकर लोगों को यातायात नियमों की जानकारी दी। खास बात यह रही कि इन बैनरों पर क्यूआर कोड भी लगाए गए हैं, जिन्हें स्कैन कर वाहन चालक अपने रूट पर आने वाले खतरनाक ब्लैक स्पॉट्स की सटीक जानकारी मोबाइल पर प्राप्त कर सकते हैं।

### तकनीक और जागरूकता का संगम

पुलिस द्वारा शुरू की गई इस डिजिटल पहल का उद्देश्य यात्रियों को पहले से ही उन स्थानों के बारे में सचेत करना है, जहाँ सड़क हादसों की संभावना अधिक रहती है। त्त्त कोड स्कैन करते ही संबंधित मार्ग के दुर्घटना संभावित स्थानों की सूची या मैप खुल जाता है, जिससे चालक समय रहते सावधानी बरत सकते हैं।

### 'सुरक्षित सफर, सुरक्षित परिवार' का संदेश

पुलिस अधिकारियों ने आमजन से संवाद करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। नियमों का पालन कर ही दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है।

### पुलिस के 5 सुनहरे नियम

ब्लैक स्पॉट्स के पास वाहन की गति धीमी रखें, यातायात संकेतों और चेतावनी बोर्ड का पालन करें, दुपहिया पर हेलमेट और चारपहिया में सीट बेल्ट अनिवार्य रूप से लगाएं, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करें, सुरक्षा संबंधी जानकारी को दूसरों के साथ भी साझा करे।

अभियान में स्थानीय नागरिकों और युवाओं ने भी भागीदारी निभाई। पुलिस का मानना है कि जनसहभागिता से ही इस तरह की पहल को सफल बनाया जा सकता है और दुर्घटनाओं के आंकड़ों में कमी लाई जा सकती है। वही पुलिस प्रशासन ने बताया कि इस तरह के जागरूकता अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगे। साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से भी लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

# फूटा जोहड़ा धाम बना आस्था का केंद्र, चादरपोषी पर पधारे सैकड़ो भक्त

स्मार्ट हलचल



**मनोहरपूर।** बानसूर - फूटा जोहड़ा धाम जहाँ के महंत श्री श्री 1008 श्री रतन दास जी महाराज का सांकेतवास 5 अप्रेल को हो गया था जिनकी चादर पोषी की रस्म कल सोमवार को प्रदेशभर से पधारे संत महात्माओं की पावन उपस्थिति में उनके कृपा पात्र शिष्य युवराज आचार्य गौसेवक श्री बलराम दास जी पर हुई। आचार्य श्री बलराम दास जी प्रदेशभर से पधारे संतो का व भक्तों का आभार व्यक्त किया व उन्होंने आशीर्वचन देतें हुए अपने गुरू महाराज के बारे में अनेक बातें बताई ऐसे में वो भाहुक दिखे। लेकिन उन्होंने बताया की में मेरे गुरु महाराज के पद चिन्हो पर चलूँगा उनके सानिध्य व उनके आशीर्वाद से चल रही गौ सेवा ब्राह्मण सेवा आगे भी ऐसे ही चलती रहेंगी उनका सानिध्य व आशीर्वाद सदैव हम सब पर रहेगा।

### संतो का रहा सानिध्य

त्रिवेणी धाम से पधारे श्री खोजीद्वाराचार्य श्री श्री 108 श्री रामरिछपाल दास जी महाराज व श्री ब्रह्मपीठाधीश्वर काठियापरिवारचार्य श्री श्री 108 श्री रतन दास जी महाराज डाकोर धाम,अयोध्या धाम, महामंडलेश्वर श्री श्री 108 श्री जनार्दन दास जी महाराज नारायणपुर, अनेक संत महात्माओ ने भी उपस्थिति होकर चदर पोषी की आचार्य बलराम दास जी को आशीर्वाद दिया।

इस चादर महोत्सव में अनेक जनप्रतिनिधि भी पधार कर श्री बालाजी महाराज के दर्शन कर महाराज श्री से आशीर्वाद प्राप्त किया बानसूर विधायक देवी सिंह शेखावत, कोटपूतली से पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना, व भामाशाह मातादीन पनिहार, महावीर गुर्जर एनएसयूआई नेता, अनेक ने लिया आशीर्वाद।भामाशाह मातादीन पनिहार ने मंदिर में एक बड़ा भंडार घर बनाने की इच्छा जताई जिसको लेकर उन्होंने कहा की जल्द ही उसका निर्माण कार्य चला दिया जायेगा। तोताराम दास जी महाराज ने बताया की दिनभर विशाल भंडारे का आयोजन चला जिसमें प्रदेश भर से पधारे भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की और दिनभर महासियों की तीन टीमों ने श्री रतन दास जी की जीवन लीला पर प्रकाश डाला व भक्तों को बताया। अनेक गावों की तरफ से हुई आचार्य बलराम दास जी पर चादर पोषी श्री नरसी दास जी महाराज ने बताया की फूटा जोहड़ा की मान्यता आस पास के पुरे क्षेत्र में है इसको देखते हुए लगभग आस पास के 30 से 35 गावों ने मिलकर महाराज श्री पर चादर पोषी की।

# ...लेकिन सरकार की राह आसान नहीं

(शाश्वत तिवारी, राजनीतिक विश्लेषक एवं स्वतंत्र पत्रकार)

स्मार्ट हलचल



बंगाल में कांग्रेस का, सीपीएम और टीएमसी का सर्वनाश करने वाली बंगाल की जनता को भाजपा सरकार से रातों- रात सब कुछ ठीक होने की अपेक्षा करना, अभी बहुत जल्दबाजी होगी, अभी भाजपा को पर्याप्त समय देना होगा। जो बर्बादी 35 साल के सीपीएम और 15 साल के ममता राज में हुई है, उसे पटरी पर लाने में समय लगेगा। एक घोषणा तो आज पीएम मोदी ने कर दी कि 5 लाख मुफ्त इलाज की सुविधा का ऐलान पहली ही कैबिनेट मीटिंग में कर दिया जायेगा।

पिछले 2021 के चुनाव में कांग्रेस और सीपीएम को कोई सीट नहीं मिली थी लेकिन इस बार 2 - 2 सीट पर आगे हैं - मगर टीएमसी तीसरे ष्ट वाली 215 से घट कर 80 पर आ गई यानी 136 सीट कम और दूसरी तरफ भाजपा 73 से 207 पर पहुंच गई यानी 130 सीट अधिक, मतलब जो ममता ने खोया वो भाजपा ने हासिल किया।

अभी तक मिली जानकारी के मुताबिक, भाजपा को 44.8% वोट मिला है जबकि पिछले 2021 के चुनाव में 38.15% वोट था। यानी 6.65% ज्यादा, जबकि ममता का वोट पिछले 48.02% के मुकाबले इस बार 41.9% रह गया, जो 6.12% कम है।

मैंने पहले चरण की वोटिंग के बाद लिखे अपने लेख में लिखा था 'अगर दूसरे चरण में भी यही स्थिति रहती है और भाजपा के वोट 38% से 6 -7% भी बढ़ गया, तो भाजपा ही सरकार बनाएगी' और आज यही हुआ कि सत्ता भाजपा के हाथ में आ गई।

असम में भाजपा की सरकार तीसरी बार बनी है और पुडुचेरी में भी। हिमंता बिस्वा सरमा ने कमाल किया है जो भाजपा 102 सीट पर हैं और कांग्रेस कुल 21 पर, पवन खेड़ा के खुद कांग्रेस का 'पेड़ा' बना दिया।

उधर सनातन धर्म को डेंगू, मलेरिया और कैंसर कहने वाली ष्ठरू्य खुद ख़त्म हो गई और चीफ मिनिस्टर स्टालिन स्वयं भी हार गए।

बंगाल चुनाव में एक बात मजेदार हुई जिससे एक पुरानी बात याद आ गई, आप सब को भी याद होगा, जब पीएम मोदी एक कुर्सी लेकर लक्षद्वीप की बीच पर बैठ गए और मालदीव निपट गया। बंगाल में मोदी जी 'झालमुड़ी' क्या खाई, वो ममता बनर्जी को ही खा गई।

लेकिन बंगाल में जो भी मुख्यमंत्री बनेगा, उसे सरकार चलाना अंगारों पर चलने से कम नहीं होगा, क्योंकि 15 साल के ममता राज के चलते उसके लोग प्रशासन पर कब्ज़ा किए बैठे हैं, यहां पूरी पुलिस फॉर्स ममता की मर्जी से चलती थी। ऐसे हालात में, ऐसे लोगों पर विश्वास करना अत्यंत कठिन होगा और इसलिए सरकार चलाना आसान नहीं होगा, फिर बंगाल में घुसपैठियों की समस्या कम नहीं है। वही, दूसरी ओर एक प्रमुख काम जो सबसे जरूरी है कि बांग्लादेश सीमा से लगते हुए बंगाल के 14 और असम के 3-4 जिलों को काट कर केंद्र शासित प्रदेश बना देना चाहिए, जहां से उन्हें बाहर करना आसान हो और बाहरी लोगों का अपने देश में घुसना कठिन हो जाए। पूरे केंद्र शासित प्रदेश को बीएसएफ के हवाले कर देना चाहिए।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 मई को

**चित्तौड़गढ़।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार इस वर्ष की द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 मई को किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सुनील कुमार गोयल ने बताया कि इस वर्ष की द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए पूरे जिला न्यायिक क्षेत्र में समस्त ताल्लुकाओं को सम्मिलित करते हुए कुल 15 बैंचों का गठन किया गया है, जिनके द्वारा प्रि-लिटिगेशन, समस्त प्रकार के राजस्व प्रकरण एवं विभिन्न विभागों के प्रकरणों का राजीनामें से निस्तारण किया जाएगा।

# चार दिन बाद भी पुलिस खाली हाथ, बढ़ता आक्रोश, पूर्व विधायक की अगुवाई में सौंपा ज्ञापन, 15 दिन में खुलासे की चेतावनी

**बेखौफ बदमाश, बेबस पुलिस! 4 दिन बाद भी नहीं खुली लूट की गुत्थी — पूर्व विधायक के नेतृत्व में फूटा जनाक्रोश, 15 दिन का अल्टीमेटम**

स्मार्ट हलचल



**हरनावदाशाहजी।** कस्बे में हुई सनसनीखेज लूट की वारदात को मंगलवार को चार दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस अब तक खाली हाथ है। लगातार हो रही चोरी और लूट की घटनाओं के बीच इस मामले का खुलासा नहीं होने से आमजन में आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है और पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े होने लगे हैं।

मंगलवार शाम को बढ़ते जनाक्रोश के बीच छबड़ा-छीपाबड़ौद के पूर्व विधायक करण सिंह राठौड़ के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीणों और व्यापारियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर थानाधिकारी के नाम एएसआई को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान मौके पर ही सीआई को बुलाने की मांग भी उठाई गई, लेकिन सीआई मौके पर नहीं पहुंचे।

पूर्व विधायक राठौड़ की अगुवाई में एएसआई डालूराम गुर्जर को ज्ञापन सौंपते हुए पुलिस अधीक्षक (एसपी) से फोन पर वार्ता कर लूट की वारदात का शीघ्र पर्दाफाश करने की मांग रखी गई। पुलिस के सुस्त रवैए के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई और चेतावनी दी गई कि यदि 15 दिन के भीतर लूट का खुलासा नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

ज्ञापन में बताया गया कि कस्बे में पिछले दिनों कुशवाह मोहल्ले में नकाबपोश बदमाशों ने घर में घुसकर परिवार को बंधक बनाते हुए मारपीट की और सोने-चांदी के जेवर सहित करीब ढाई लाख रुपए की लूट को अंजाम दिया था। वारदात के बाद से ही क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है।

इसके अलावा कस्बे और आसपास के क्षेत्रों में लगातार चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिनमें खेतों से पानी की मोटर चोरी, अकलेरा मार्ग स्थित बस स्टैंड के ढाबे पर चोरी, नयागांव बंजारी में दीवार तोड़कर चोरी, सूने मकानों के ताले तोड़ना, बाइक और मोबाइल चोरी जैसी वारदातें शामिल हैं। इन घटनाओं का अब तक खुलासा नहीं होने से लोगों में पुलिस के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है।

पूर्व विधायक करण सिंह राठौड़ ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पुलिस यदि समय रहते कार्रवाई नहीं करती है तो आमजन को मजबूरन सड़कों पर उतरना पड़ेगा। उन्होंने प्रशासन को चेताते हुए कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की जिम्मेदारी है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इस दौरान बाबूलाल टाटू, अरबाज खान, देवेंद्र पंचोली, मोहित गुप्ता, राजेश मेवाड़ा, सद्दाम मेव, मुबारिक मंसूरी, रानू बना सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

लगातार बढ़ती वारदातों और पुलिस की धीमी कार्रवाई के चलते हरनावदाशाहजी कस्बे में भय और आक्रोश का माहौल बना हुआ है, अब सबकी नजरें पुलिस की कार्रवाई और लूट के खुलासे पर टिकी हैं।

### सीसीटीवी में कैद हुए नकाबपोश बदमाश

कुशवाह मोहल्ले में लगे सीसीटीवी कैमरों में लूट की वारदात को अंजाम देने वाले तीन नकाबपोश संदिग्ध कैद हुए हैं। फुटेज में बदमाश घटना के बाद एक छोटी गली से होते हुए बाजार की ओर भागते नजर आ रहे हैं। राधाकृष्ण मंदिर के पास भी उनकी गतिविधियां दिखाई दी हैं। पुलिस ने फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान कर तलाश तेज कर दी है।

### खुलासा नहीं हुआ तो होगा उग्र आंदोलन

लगातार हो रही चोरी और लूट की घटनाओं से कस्बे में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। पूर्व विधायक करण सिंह राठौड़ ने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिन के भीतर इस लूट की वारदात का खुलासा नहीं हुआ तो व्यापारी वर्ग और आमजन के साथ मिलकर उग्र आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस की लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# जल उपयोक्ता संगम प्रबंध समिति में भीमराज मीणा निर्विरोध अध्यक्ष चुने



स्मार्ट हलचल

**कोटा।** सीएडी द्वितीय परवन परियोजना के अंतर्गत जल उपयोक्ता संगम प्रबंध समिति के गठन हेतु आज नामांकन प्रक्रिया सम्पन्न हुई। इस दौरान क्षेत्र के सभी किसानों की सहमति से चार चौमा निवासी भीमराज मीणा को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया।

समिति के अन्य 10 सदस्य भी निर्विरोध निर्वाचित हुए, जिनमें हरिशंकर नागर (डंगावाद), उमाशंकर सुमन (चोमा मालियान), बिरधिलाल मेहरा (सदेड़ी), दुर्गाशंकर मीणा (चोमा मालियान), हरीश मीणा (चोमा मालियान), लोकेश मालव (रेलगांव), अर्जुन मीणा (चोमा), जयप्रकाश मालव (रेलगांव), नरेन्द्र कुमार कराड (रेलगांव) एवं हंसराज नागर (हनोतिया) शामिल हैं।

यह समिति परवन वृहद सिंचाई परियोजना के अंतर्गत कालीसिंध नदी पर निर्मित लिफ्ट सिस्टम के संचालन एवं रखरखाव का कार्य करेगी, साथ ही किसानों को समय पर सिंचाई का पानी उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

इसी प्रकार सीएडी परियोजना प्रथम में पन्नालाल मालव को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। उनकी समिति में भी 8 सदस्यों का निर्विरोध चयन हुआ, जिनमें पुष्पदयाल मालव, राजेन्द्र मालव (हरिपुरा मांझी), ओमप्रकाश मीणा (गिरधरपुरा), मेहरबान सिंह (रामड़ी), चेतराम मालव (चोमा बीबू), महावीर मीणा (चोमा मालियान) एवं बाबूलाल मीणा (बम्बोली) शामिल हैं।


इस मोखे पर ग्रामवासियों ने परियोजना अध्यक्ष को माला पहनाकर व मिटाई खिलाकर खुशी जताई।

निर्वाचन प्रक्रिया का दायित्व ललित कुमावत, सहायक अभियंता, परवन परियोजना जल संसाधन संभाग झालावाड़ द्वारा निभाया गया।

# गंदगी व कीचड़ युक्त सड़क से ग्रामीण परेशान

## लोकसभा अध्यक्ष से की समाधान की मांग

स्मार्ट हलचल | लाखेरी



देईखेड़ा क्षेत्र की खरायता पंचायत के डडवाडा गांव के ग्रामीणों ने मंगलवार को विभिन्न समस्याओं को लेकर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को कोटा स्थित केंप कार्यालय में ज्ञापन दिया। ग्रामीण लंबे समय से समस्याओं से जूझ रहे हैं। ग्रामीणो ने बताया कि गांव में मुक्तिधाम के रास्ते व राजकीय विद्यालय की चार दिवारी निर्माण की मांग को लेकर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को ज्ञापन सोपा। भाजपा नेता भंवरलाल प्रजापत ने बताया कि गांव में मुक्तिधाम जाने के लिए कच्ची सड़क बनी हुई है, वो भी झाड़ियो से अटा हुआ है, जिसके चलते बरसात में कीचड़ होने से शवयात्रा को लेकर वहां पहुंचने में ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वही गांव के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय परिसर के चार दिवारी नही होने से वहां अध्ययनरत विद्यार्थियों को मवेशियों व श्वानों से खतरा बना रहता है, साथ ही विद्यालय परिसर में गंदगी भी बनी रहती है। ग्रामीणों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को कोटा केम्प कार्यालय में पहुंच कर समस्याओं से अवगत कराते हुए ज्ञापन देकर समस्याओं के समाधान की मांग की है।

# इनरव्हील क्लब द्वारा माइंडसेट व वेलनेस सत्र आयोजित

स्मार्ट हलचल | कोटा



इनरव्हील क्लब कोटा द्वारा महत्वपूर्ण एवं ज्ञानवर्धक दा दिवसीय सत्र का आयोजन तलवंडी स्थित निजि हॉस्पिटल में किया गया, जिसमें माइंडसेट कोच डॉ. रिची ने सहभागियों को मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। अध्यक्ष चारू जैन ने बताया कि डॉ. रिची ने अपने वेलनेस प्रोग्राम के माध्यम से लोगों को संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

सचिव नीरजा कोहली ने बताया कि सत्र के दौरान उन्होंने शरीर की ताकत बढ़ाने के लिए प्रभावी स्ट्रेंथ ट्रेनिंग, फिटनेस की वैज्ञानिक समझ तथा संतुलित एवं पौष्टिक आहार की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सही प्रशिक्षण और खानपान के संयोजन से व्यक्ति न केवल शारीरिक रूप से सशक्त बन सकता है, बल्कि मानसिक रूप से भी अधिक सक्षम होता है।


इस दौरान स्वस्थ खानपान की आदतें, डाइटिंग के सही तरीके तथा दैनिक जीवन में अपनाई जाने वाली हेल्दी लाइफस्टाइल पर विशेष चर्चा की गई। सत्र को प्रतिभागियों ने अत्यंत उपयोगी और आंखें खोलने वाला अनुभव बताया। सत्र में जैश्री, वंदना अग्रवाल, जयश्री जेलिया,रेखा सिंह, पूनम गोयल, किरण अग्रवाल, अनीता गर्ग एवं संगीता बंसल सहित कई गणमान्य महिलाओं की सहभागिता रही।

# जिला कलक्टर की रात्रि चौपाल अब 7 को

**चित्तौड़गढ़।** जिला कलक्टर के पूर्व निर्धारित रात्रि चौपाल कार्यक्रम में आंशिक संशोधन किया गया है। इस संबंध में कार्यालय द्वारा जारी पूर्व आदेश के तहत प्रस्तावित कार्यक्रम में संशोधन करते हुए नई तिथि एवं स्थान निर्धारित किए गए हैं। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार 07 मई 2026 को सांय 6 बजे पंचायत समिति बड़ीसादड़ी की ग्राम पंचायत पायरी में रात्रि चौपाल आयोजित की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा सभी संबंधित जिला स्तरीय एवं उपखण्ड स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित समय पर रात्रि चौपाल में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें, ताकि आमजन की समस्याओं एवं परिवेदनाओं का प्रभावी एवं त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके।

# अजमेर संभाग में 'ग्राम' अभियान में आशीष सांड बने संभाग समन्वयक

स्मार्ट हलचल



**बिजयनगर।** ब्यावर बिजयनगर राजस्थान सरकार के ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट रथ अभियान को गति देने के उद्देश्य से भाजपा संगठन ने अजमेर संभाग के लिए समन्वयकों की घोषणा की है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देशानुसार प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने संभाग समन्वयकों की सूची जारी की, जिसमें सी.आर. चौधरी, देवीशंकर भूतड़ा, बीरम देव सिंह जोसास और आशीष सांड को अजमेर संभाग का समन्वयक नियुक्त किया गया है।

इस नियुक्ति से अजमेर संभाग में ग्राम रथों के संचालन, समन्वय और जन-जागरूकता अभियानों को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। यह अभियान किसानों तक आधुनिक कृषि तकनीक, नवाचार और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम माना जा रहा है।

नव-नियुक्त समन्वयक आशीष सांड ने कहा कि वे संगठन द्वारा जताए गए विश्वास पर खरा उतरते हुए ग्रामअभियान को गांव-गांव तक पहुंचाने और अधिक से अधिक किसानों को इससे जोड़ने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि यह पहल किसानों के सशक्तिकरण और कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में अहम साबित होगी।

आशीष सांड की नियुक्ति पर भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने खुशी जताते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं तथा विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में अभियान को नई ऊंचाइयां मिलेंगी।

# शिखर का युवा संगम में चयन, कर्नाटक में करेंगे बूंदी का प्रतिनिधित्व

स्मार्ट हलचल | बूंदी



केंद्र सरकार के 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' अभियान के तहत शिक्षा मंत्रालय एवं अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा संचालित युवा संगम कार्यक्रम के फेज-6 अंतर्गत शैक्षणिक-सांस्कृतिक आदान-प्रदान यात्रा हेतु बूंदी के बालचंद पाड़ा निवासी, रामेष्ट युवा मंडल के अध्यक्ष शिखर पंचोली का चयन किया गया है।

जिला कलक्टर हरफूल सिंह यादव ने इस उपलब्धि पर शिखर का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों से व्यक्तित्व विकास,भाषा कौशल व सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का विकास होता हैं। इस चरण में राजस्थान से चयनित युवा 8 से 16 मई 2026 तक भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान धारवाड़, कर्नाटक का अध्ययन-भ्रमण करेंगे। प्रेषक संस्थान मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जयपुर है। प्रतिभागियों को 7 मई को जयपुर में आयोजित ओरिएंटेशन एवं फ्लैग-ऑफ समारोह में भाग लेने के बाद कर्नाटक के लिए प्र-स्थान करना होगा।

युवा विकास कार्यक्रम से जुड़े भूपेन्द्र योगी ने बताया कि भ्रमण के दौरान प्रतिभागियों को पर्यटन, परंपरा, प्रगति, प्रौद्योगिकी एवं जन-सम्पर्क जैसे प्रमुख विषयों पर आधारित गतिविधियों से जोड़ा जाएगा, साथ ही शैक्षणिक संस्थानों में संवाद, औद्योगिक भ्रमण, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, स्थानीय समुदाय से संपर्क एवं विभिन्न ऐतिहासिक दर्शनीय स्थलों का अध्ययन शामिल रहेगा।

चयनित प्रतिभागी शिखर पंचोली ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों को अपने अनुभवों पर आधारित विस्तृत लेख तैयार करना होगा तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से कार्यक्रम की गतिविधियों का प्रसार भी करना होगा। उनका यह चयन राष्ट्रीय स्तर पर बूंदी के युवा प्रतिनिधित्व को सुदृढ़ करेगा।

# रोटेदा खरीद केंद्र पर अनियमितता की शिकायत पर हुई त्वरित कार्यवाही, केन्द्र प्रभारी व ठेकेदार को हटाया

**जिला कलक्टर के निर्देश पर सभी 27 केंद्रों के कांटों का दोबारा होगा भौतिक सत्यापन**

स्मार्ट हलचल | बूंदी



जिले में केशोरायपाटन उपखंड क्षेत्र के रोटेदा स्थित राजफेड खरीद केंद्र पर जिंस की अधिक तुलाई की शिकायत मिलने पर सहकारिता विभाग द्वारा तुरंत कार्यवाही की गई हैं। जिला कलक्टर हरफूल सिंह यादव के निर्देश पर सहकारिता विभाग ने तत्काल प्रभाव से खरीद केंद्र प्रभारी को हटा दिया हैं।

किसानों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उप रजिस्ट्रार मुकेश मोहन गर्ग और केशोरायपाटन उपखंड अधिकारी स्वयं मौके पर पहुंचे। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों ने किसानों की मौजूदगी में ही जिंस की दोबारा तुलाई करवाई। जांच में जब एक बैग में एक किलो 400 ग्राम तौल अधिक पाया गया, तो बिना कोई देरी किए केंद्र प्रभारी को हटाकर एक नए प्रभारी को जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके साथ ही, गड़बड़ी में शामिल ठेकेदार के प्रतिनिधि और उसकी लेबर को भी खरीद केंद्र से तुरंत बाहर कर दिया गया हैं। उन्होंने बताया कि भविष्य में किसानों के साथ किसी भी तरह की कोई अनियमितता न हो, इसके लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। खरीद केंद्र पर तुरंत नए कांटे मंगवाए गए और उपखंड अधिकारी व किसानों की मौजूदगी में उनका भौतिक सत्यापन करवाया गया। इस संबंध में ठेकेदार और खरीद केंद्र प्रभारी को नोटिस जारी करने की कार्यवाही की जा रही है।

उन्होंने बताया कि जिला कलक्टर के निर्देश पर जिले के सभी 27 खरीद केंद्रों पर संधारित कांटों का दोबारा भौतिक सत्यापन करवाया जा रहा है। अब मार्केटिंग और सहकारिता विभाग इन सभी केंद्रों का नियमित और सघन पर्यवेक्षण करेगा, ताकि किसी भी केंद्र पर किसानों को कोई नुकसान न उठाना पड़े।

# ग्वालियर में लायंस डिस्ट्रिक्ट 3233 ई1 की कॉन्फ्रेंस 'अन्वीक्षा' का भव्य समापन, नए नेतृत्व की हुई घोषणा

स्मार्ट हलचल



**गंगापुर सिटी।** लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 ई 1 की डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस 'अन्वीक्षा' का भव्य समापन प्रांतपाल लायन सुधीर बाजपेई की अध्यक्षता में हर्षोल्लास के साथ हुआ। समापन सत्र में लायन सी.एस. तोमर सह प्रांतपाल द्वितीय पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए, जबकि लायन आशुतोष वशिष्ठ को प्रांतपाल-इलेक्ट घोषित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इंटरनेशनल डायरेक्टर लायन पंकज मेहता एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रांतपाल लायन कुलभूषण मित्तल उपस्थित रहे। रीजन चेयरपर्सन लायन विवेक कुमार मीणा, रीजन सेक्रेटरी लायन धर्मेन्द्र गुप्ता सहित उनकी टीम ने आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

सम्मेलन में पीएसटी लायंस क्लब गंगापुर सिटी गोल्ड के अध्यक्ष लायन अशोक कुमार गोयल, कोषाध्यक्ष लायन श्याम सुंदर सोनी, लायंस क्लब दिशा के अध्यक्ष लायन राजेन्द्र गौतम, लायन कपिल गौतम, लायन दिवाकर शर्मा, सोमदत्त शर्मा, लोकेश जैन, सौरभ जैन, शालु जैन, मनीष जैन, आनंद पैगोरिया सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

इस दौरान जोन चेयरपर्सन लायन आलोक मालधनी, लायन आनंद गोयल, लायन निर्मल अमरगढ़िया एवं लायन क्षितिज गुप्ता को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। सम्मेलन पीडीजी लायन नितिन मंग्लिक के मार्गदर्शन एवं पीडीजी लायन एन. सुमेर जैन के नेतृत्व में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। करीब 800 प्रतिनिधियों की उपस्थिति ने आयोजन को भव्य बना दिया।

# 3 किलो प्लास्टिक बैग जप्त किये व 23 दुकानदारो के चालान काटे गये



## नगर पालिका की ओर से की गई कारवाही

स्मार्ट हलचल

**सांगोद।** 5 मई को नगर पालिका सांगोद द्वारा अधिशाषी अधिकारी मनोज कुमार मालव के निर्देशानुसार आज दिनांक 05.05.2026 को स्वच्छ भारत अभियान के तहत पालिका की टीम ने शहर के विभिन्न बाजारों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग और गंदगी फैलाने पर कुल 23 दुकानदारों के चालान काटे गए। इसके साथ ही दुकानों से 3 किलो अवैध पॉलीथिन जब्त की गई। पालिका प्रशासन ने सभी व्यापारियों को सख्त चेतावनी दी है कि वे भविष्य में प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग न करें, अन्यथा उनके खिलाफ और अधिक कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कार्यवाही के दौरान कनिष्ठ अभियन्ता हर्ष यादव, एमआईएस इन्जिनियर घासीलाल बैरवा, कार्यवाहक सफाई निरीक्षक हंसराज एवं समस्त कार्यवाहक जमादार उपस्थित रहे।

# 'हिमालयन गोल्ड' (कॉर्डिसेप्स) पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

स्मार्ट हलचल | कोटा



कोटा विश्वविद्यालय के सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग द्वारा मंगलवार, 5 मई, 2026 को औषधीय गुणों से भरपूर 'कॉर्डिसेप्स', जिसे दुनिया भर में 'हिमालयन गोल्ड' के नाम से जाना जाता है, के कृत्रिम उत्पादन और तकनीक पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता डॉ. आर. के. लवानिया (सी.एम.एच.ओ. एवं संयुक्त निदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, कोटा) ने अपने संबोधन में कॉर्डिसेप्स के औषधीय महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वैश्विक स्वास्थ्य क्षेत्र में इसकी मांग निरंतर बढ़ रही है। डॉ. पल्लवी शर्मा द्वारा संचालित इस सत्र में विभाग की डॉ. नेहा चौहान और डॉ. श्वेता गुप्ता ने तकनीकी विशेषज्ञ के रूप में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को बताया कि कॉर्डिसेप्स का उत्पादन पूरी तरह से नियंत्रित वातावरण में किया जाता है, जिसके लिए प्रयोगशाला में 180ष्ट से 220ष्ट के स्थिर तापमान और लगभग 70-80 प्रतिशत की आर्द्रता को बनाए रखना अनिवार्य होता है। इसके सेटअप के लिए लैमिनार एयर फ्लो, ऑटोक्लेव और विशेष लाइटिंग व्यवस्था वाले इनक्यूबेशन रूम की आवश्यकता होती है।

प्रशिक्षण के दौरान छात्रों को ब्राउन राइस तैयार करने से लेकर, उच्च गुणवत्ता वाले कल्चर के चयन, स्पॉनिंग (बीजारोपण) और माइसेलियम की वृद्धि के लिए अनुकूल परिस्थितियों के प्रबंधन के बारे में विस्तार से समझाया गया। कार्यशाला में यह भी बताया गया कि किस प्रकार लगभग 60 से 70 दिनों के चक्र में इस मशरूम की खेती कर इसे सुखाकर और सुरक्षित पैकेजिंग के माध्यम से बाजार में उतारा जा सकता है। कॉर्डिसेप्स (हिमालयन गोल्ड) की बहुमुखी उपयोगिता इसे चिकित्सा और वाणिज्यिक क्षेत्रों में अत्यंत महत्वपूर्ण बनाती है। मुख्य रूप से, इसका उपयोग पारंपरिक और आधुनिक दवाओं में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, शारीरिक सहनशक्ति में सुधार करने और थकान को कम करने के लिए एक शक्तिशाली 'एनर्जी बूस्टर' के रूप में किया जाता है। इसके औषधीय गुणों में एंटी-कैंसर, एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटी-एजिंग तत्व शामिल हैं, जो हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने, किडनी की कार्यक्षमता को सहारा देने और श्वसन संबंधी विकारों के उपचार में सहायक होते हैं। चिकित्सा के अतिरिक्त, कॉर्डिसेप्स का उपयोग उच्च गुणवत्ता वाले न्यूट्रास्यूटिकल्स, हेल्थ सप्लीमेंट्स और सौंदर्य प्रसाधनों के निर्माण में भी बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। इसकी बढ़ती मांग के कारण यह सूक्ष्मजीव विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान और उच्च-मूल्य वाले कृषि व्यवसाय के लिए एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करता है जिसके व्यावहारिक प्रशिक्षण से छात्रों में उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों की सक्रिय भागीदारी के साथ संपन्न हुए इस कार्यक्रम के अंत में सभी सफल प्रतिभागियों को ई-प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

# 'सच पर वार करने से सच नहीं मरता, समय के साथ और अधिक चमकता है'

## आईजी मानवाधिकार किशन सहाय पर लगे आरोपों के बीच ईमानदार अधिकारियों के समर्थन में उठी आवाज, निष्पक्ष जांच की मांग

स्मार्ट हलचल

**जयपुर।** हाल ही में आईजी मानवाधिकार किशन सहाय वरिष्ठ के खिलाफ 53 वर्षीय महिला की ओर से डाक द्वारा भेजी गई चिट्ठी के माध्यम से महिला ने अपनी और से दुष्कर्म का मामला दर्ज कराए जाने के बाद एक बार फिर न्याय व्यवस्था और समाज में सच्चाई को लेकर देश-प्रदेश भर में कहीं सामाजिक संगठनों, कानूनविदों विषेशज्ञों, में बहस तेज हो गई है। सामाजिक संगठनों विषेशज्ञों,सांसद, विधायक ने इस मामले में टिप्पणी करते हुए, गंभीर सवाल खड़े किए है। केवल एक साधारण शिकायत, वह भी कथित रूप से एक पोस्टल कार्ड के आधार पर बिना ठोस जांच के एफआईआर दर्ज करना और तत्काल एपीओ करना, प्रशासनिक प्रक्रिया की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न लगाता है? क्या अब किसी भी प्रतिष्ठित




अधिकारी की साख केवल एक पत्र के आधार पर तय होगी? जांच से पहले दंड जैसी स्थिति बनाना न केवल व्यक्ति विशेष के सम्मान के साथ अन्याय है, बल्कि पूरी व्यवस्था की विश्वसनीयता को भी कमजोर करता है। मालवीय नगर थाने में डाक से भेजी गई शिकायत पर 29 अप्रैल को एफआईआर दर्ज की गई है। मामले की तफ्तीश एडिशनल डीसीपी जिज्ञासा को सौंपी गई है।

### क्या है मामला:

एफआईआर के अनुसार महिला ने आरोप लगाया है कि आईपीएस किशन सहाय ने शादी का झांसा देकर सरकारी आवास पर बुलाया और जबरदस्ती की। साथ ही मोबाइल बंद कर मारपीट करने, शिकायत न करने की धमकी देने और तीन माह से वीडियो कॉल कर धमकाने के आरोप भी लगाए हैं।

### आईपीएस किशन सहाय का पक्ष:

आईजी किशन सहाय ने आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि वे पिछले 10 साल से वैज्ञानिक दृष्टिकोण व विज्ञानवाद की विचारधारा का प्रचार कर रहे हैं। इसी के खिलाफ यह षड्यंत्र रचा गया है। उन्होंने कहा कि 'पुलिस तफ्तीश में सारी चैट निकलवाकर जांच करेगी तो सारा षड्यंत्र सामने आ जाएगा।' विशेषज्ञों की रायः बिना ठोस सबूत के आरोप लगाना वर्दीधारी तंत्र और कानून व्यवस्था की साख को कि नुकसान कानून विशेषज्ञों और समाज के प्रबुद्धजनों का मानना है कि बिना ठोस सबूत के इस तरह के गंभीर आरोप न केवल एक व्यक्ति की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाते हैं, बल्कि पूरे वर्दीधारी तंत्र और कानून व्यवस्था की साख को भी नुकसान पहुंचाते हैं। निजी रंजिश, द्वेष या सस्ती लोकप्रियता के लिए लगाए गए झूठे आरोप समाज में एक खतरनाक प्रवृत्ति को जन्म देते हैं।

### सामाजिक संगठनों व जनप्रतिनिधियों ने रखी निष्पक्ष जांच की मांग:

वहीं सोशल मीडिया व सांसद, विधायकों ने आईजी का पक्ष लेते सोशल मीडिया पर जमकर बहस छिड़ी हुई हैं,विषेशज्ञों व सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों व वरिष्ठजनों ने आईजी किशन सहाय का पक्ष लेते हुए कहना है की एक ईमानदार वरिष्ठ आईजी आईपीएस पुलिस अधिकारी पर इस तरह के आरोप बेबुनियाद हैं, उन्होंने मांग की है सरकार को कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए ऐसे मामलों में निष्पक्ष जांच और सच्चाई का सामने लाना बेहद आवश्यक है, ताकि न्याय प्रणाली पर लोगों का विश्वास बना रहे। समाज के कई वर्गों सामाजिक संगठनों जनप्रतिनिधियों ने ईमानदार अधिकारियों के समर्थन में आवाज उठाई है और न्याय की निष्पक्ष प्रक्रिया पर भरोसा जताया है। निर्दोष अधिकारियों की छवि खराब करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग भी तेज हो रही है, ताकि भविष्य में कोई भी बेगुनाह इस तरह की साजिश का शिकार न बने। कानून सभी के लिए समान है और झूठ की उम्र लंबी नहीं होती। समय के साथ सत्य अवश्य उजागर होता है।

# सोशल मीडिया पर 'मच्छर की सर्विस' लिखकर दहशत फैलाना पड़ा भारी

## ब्यावर पुलिस ने रीलबाज को दबोचा

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** इंस्टाग्राम पर फॉलोअर्स बढ़ाने और आमजन में खौफ पैदा करने के लिए मारपीट का फर्जी वीडियो वायरल करने वाले एक शातिर युवक को जवाजा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपने ही मौसेरे भाई के साथ मारपीट का नाटक कर वीडियो बनाया और उस पर 'मच्छर की सर्विस' लिखकर सोशल मीडिया पर साझा किया था।

### दहशत फैलाकर फॉलोअर्स बढ़ाने का था जुनून

जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह के निर्देशानुसार जिले में सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में 3 मई 2026 को इंस्टाग्राम पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें एक युवक बेरहमी से मारपीट करता नजर आ रहा था। पुलिस ने जब जांच शुरू की और मुखबिरों को वीडियो दिखाया, तो आरोपी की पहचान विक्रम सिंह पुत्र भगवानसिंह रावत (निवासी नया गांव, जवाजा) के रूप में हुई।

### पूछताछ में खुला राजः 'फेम' के लिए रची गई साजिश

थानाधिकारी डॉ. नवल किशोर के नेतृत्व में जब पुलिस ने विक्रम सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ। आरोपी ने बताया किः उसने वास्तव में कोई मारपीट नहीं की थी। वीडियो में दिखने वाला दूसरा युवक उसका मौसेरा भाई हरदयाल सिंह है।

दोनों ने मिलकर 24 अप्रैल को एक शादी समारोह के दौरान केवल फॉलोअर्स बढ़ाने और इलाके में दहशत (भय) पैदा करने के लिए यह नाटक रचा था। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी विक्रम सिंह का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड भी रहा है। उसके विरुद्ध पूर्व में भी बीएनएस की गंभीर धाराओं में मामले दर्ज हैं।

# 50 दिवसीय काउंटडाउन एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए किया जागरूक

## उपनिदेशक डॉ.पी.एल.मीणा के निर्देशन में नियमित 50 दिवसीय काउंटडाउन जारी

स्मार्ट हलचल| जोबनेर

आयुष्मान आरोग्य मंदिर, राजकीय आयुर्वेद औषधालय भैंसावा (जयपुर) की ओर से उपनिदेशक डॉ. पी.एल. मीणा के निर्देशन में 50 दिवसीय काउंटडाउन योगाभ्यास कार्यक्रम नियमित रूप से संचालित किया जा रहा है। साथ ही आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में घर-घर जाकर व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है।

इस वर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस Yoga for Well-ness, Wisdom, and World Peace थीम के साथ मनाया



जाएगा, जिसका संदेश जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। इसी क्रम में राजकीय आयुर्वेद औषधालय के योग प्रशिक्षक बाबू लाल कुमावत द्वारा जोबनेर कॉलेज के विद्यार्थियों को योग जागरूकता रैली के माध्यम से 50 दिवसीय काउंटडाउन योगाभ्यास एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान योग प्रशिक्षक बाबू लाल कुमावत ने बताया कि आयुर्वेद विभाग द्वारा पूरे प्रदेश में 50 दिवसीय काउंटडाउन योगाभ्यास कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को योग से जोड़ना तथा स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने विद्यार्थियों को ग्रीवा चालन, स्कंध संचालन, घुटना, संचालन, ताड़ासन, वृक्षासन, अनुलोम-विलोम आदि योगाभ्यास भी करवाए।

इस दौरान आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ. मुकेश कुमार शर्मा ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अधिक से अधिक लोगों को योग से जुड़ने एवं इसे दैनिक जीवन में अपनाने पर जोर दिया। आयुर्वेद कंपाउंडर नानगराम बंसीवाल ने भी सभी को नियमित योगाभ्यास कर निरोगी जीवन अपनाने का संदेश दिया।

# सहकारी दवा केंद्रों पर अब बढ़ेगी जेनेरिक दवाओं की धमक

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारिता विभाग द्वारा गत 21 अप्रैल को समीक्षा बैठक में दिए गए कड़े निर्देशों के बाद अब धरातल पर कार्य शुरू हो गया है। इसी क्रम में ब्यावर के सहकारी दवा वितरण केंद्रों पर जेनेरिक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने और आमजन को जागरूक करने के लिए विशेष पोस्टर व बैनर का अनावरण किया गया।

बीएनके सहकारी उपभोक्ता होलसेल भंडार लि. के अध्यक्ष रतन सिंह मेहता और उप रजिस्ट्रार हीरालाल जीनगर के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य और सहकारिता विभाग के आला



अधिकारियों ने शिरकत की। अतिरिक्त जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी लोकेश कुमावत ने इस दौरान जेनेरिक दवाओं की महत्ता पर प्रकाश डाला और बताया कि ये दवाएं उतनी ही असरदार हैं जितनी महंगी ब्रांडेड दवाएं।

कार्यक्रम के दौरान महाप्रबंधक यशपाल सिंह और क्रय विक्रय सहकारी समिति के सीईओ विश्वेंद्र गुर्जर ने विश्वास दिलाया कि भंडार के केंद्रों पर दवाओं की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। इस अवसर पर आदित्य मल्टीस्टेट के अध्यक्ष श्री रघुवीर सिंह चारण सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में फार्मासिस्ट टीम के डॉ. वाजिब अख्तर, गुलाब रामचंदानी, हेमंत भाटी और कुलदीप सिंह का विशेष



सहयोग रहा। पोस्टर अनावरण के दौरान बड़ी संख्या में पेंशनर धारक और उनके परिजन भी मौजूद रहे, जिन्होंने सरकार की इस पहल को मध्यम वर्ग के लिए बड़ी आर्थिक राहत बताया।

### अभियान का लक्ष्य

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य भ्रांतियों को दूर कर लोगों को कम कीमत पर उच्च गुणवत्ता वाली दवाएं उपलब्ध कराना है, ताकि आम आदमी के घर का बजट चिकित्सा खर्च के बोझ से न बिगड़े।

# नवनिर्मित मंदिर का उद्घाटन व मूर्ति का अनावरण



स्मार्ट हलचल

**दौसा।** देलास धाम, दौसा में श्री सूरजमल राजा भोमिया जी महाराज एवं हीरामल के महाराज के नवनिर्मित मंदिर के उद्घाटन तथा मीणा कुल गौरव, अमर योद्धा, परम प्रतापी, महास्वाभिमानी, स्वतंत्रता के महानायक वीर शिरोमणी राजा बाधा देव गोमलाडु जी की मूर्ति अनावरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में आईएएस डॉ. हरसहाय मीणा ने शिरकत की। ग्रामीणों एवं समाज के प्रबुद्धजनों द्वारा माल्यार्पण कर उनका भव्य स्वागत किया गया।

डॉ. हरसहाय मीणा ने संबोधित करते हुए कहा कि राजा बाधा देव गोमलाडु जी मीणा समाज के स्वाभिमान और शौर्य के प्रतीक हैं। उनका जीवन त्याग, बलिदान और स्वतंत्रता की भावना से ओत-प्रोत है। नई पीढ़ी को उनके इतिहास से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। उन्होंने मंदिर निर्माण को समाज को एकजुट करने वाला पुनीत कार्य बताया।

समारोह में बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, समाज के पंच-पटेल एवं युवा उपस्थित रहे। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा एवं राजा बाधा देव गोमलाडु जी की मूर्ति का अनावरण किया गया। उपस्थित जनसमूह ने वीर शिरोमणी के जयकारों से माहौल को गुंजायमान कर दिया। आयोजन के दौरान सामूहिक भोज का भी आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

# उपमुख्यमंत्री आज ब्यावर में: 'ग्राम रथ' के जरिए गाँव-गाँव पहुँचेगी सरकार

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी सोमवार, 6 मई को ब्यावर जिले के एक दिवसीय सघन दौरे पर रहेंगी। इस दौरान वे राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी 'ग्राम रथ अभियान' के तहत ग्रामीण अंचलों में जनसंवाद करेंगी और सरकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत जानेंगी।

### मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम:

उपमुख्यमंत्री के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, उनकी व्यस्तता दोपहर से शुरू होकर शाम तक जारी रहेगी: दोपहर



3:00 बजे: भीलवाड़ा से प्रस्थान कर वे जालिया द्वितीय पहुँचेंगी और अभियान का आगाज़ करेंगी। दोपहर 3:30 बजे: राजियावास में आयोजित ग्राम रथ कार्यक्रम में शिरकत कर ग्रामीणों से रूबरू होंगी। शाम 4:40 बजे: रावणिया (जैतारण) में आमजन से सीधा संवाद और योजनाओं का प्रचार-प्रसार करेंगी। शाम 5:40 बजे: सभी कार्यक्रमों के समापन के बाद वे पुष्कर के लिए प्रस्थान करेंगी।

वित्त, सार्वजनिक निर्माण और महिला एवं बाल विकास जैसे महत्वपूर्ण पोर्टफोलियो संभाल रहीं दिया कुमारी के इस दौरे का मुख्य लक्ष्य लाभार्थियों से सीधा फीडबैक लेना है। 'ग्राम रथ अभियान' के माध्यम से प्रशासन यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहा है कि जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि गाँव के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। खास बात: इस दौरे के दौरान उपमुख्यमंत्री विशेष रूप से महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास से जुड़ी परियोजनाओं की समीक्षा भी कर सकती हैं।

# बाइक चोर गिरफ्तार, तीन मोटरसाइकिलें चोरी करना कबूला

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह के निर्देशन में बिजयनगर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मोटरसाइकिल चोरी के एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी रामदेव सिंह उर्फ रामा, निवासी कड़ियापा (टॉडगढ़), शातिर तरीके से भीड़भाड़ वाले इलाकों से दुपहिया वाहन पार करने का आदी है।

### क्या था मामला?

बरल द्वितीय निवासी सुरेश माली ने पुलिस को रिपोर्ट दी थी कि 3 फरवरी 2026 को वह अपनी 'स्पलेंडर प्लस' बाइक लेकर श्रीनाथ अस्पताल गए थे। जब वह अस्पताल से बाहर आए, तो उनकी बाइक गायब मिली। काफी तलाश के बाद पीड़ित ने थाने में मामला दर्ज कराया।

थानाधिकारी करण सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और संदिग्धों पर नजर रखनी शुरू की। मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस ने आरोपी रामदेव सिंह (27) को डिटेन किया। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने सुरेश माली की बाइक चोरी करने के साथ-साथ बिजयनगर के अलग-अलग इलाकों से 3 अन्य मोटरसाइकिलें चोरी करना भी स्वीकार किया है।

### पुलिस टीम की तत्परता

इस कार्रवाई में थानाधिकारी करण सिंह के साथ एएसआई कैलाशचन्द्र, कांस्टेबल प्रेमाराम, विष्णु और जितेन्द्र की अहम भूमिका रही। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया है, जिससे अन्य वारदातों और चोरी किए गए वाहनों की बरामदगी के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

# पोल फैक्ट्री में बड़ी चोरी का खुलासा, पुलिस ने एक और आरोपी को दबोचा

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** जिले की बिजयनगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 'श्री इंजीनियरिंग' पोल फैक्ट्री में हुई लाखों की चोरी के मामले में फरार चल रहे एक और आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी दिनेश सिंह को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया है।

### क्या था मामला?

बीती 19 मार्च 2026 को जालिया द्वितीय निवासी सांवरलाल शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी कानिया रोड स्थित पोल फैक्ट्री के ताले तोड़कर अज्ञात चोरों ने भारी मात्रा में सामान पार कर दिया था। चोरों ने फैक्ट्री से: 1 टन लोहे के तार (5 बड़े बंडल), एक वैल्डिंग मशीन और दो वाइब्रेटर मशीन, खेतों की जाली और कांटेदार तार के बंडल चोरी किए थे। पुलिस ने इस संबंध में भारतीय न्याय संहिता 2023 की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### पुलिस की कार्रवाई और गिरफ्तारी

जिला पुलिस अधीक्षक श्री रतन सिंह के निर्देशानुसार और थानाधिकारी करण सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस ने दिनेश सिंह (18 वर्ष) पुत्र पांचू सिंह रावत निवासी रामगढ़ को डिटेन कर पूछताछ की, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

### अब तक कुल 4 गिरफ्तारियां

इस मामले में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए अब तक कुल चार आरोपियों को सलाखों के पीछे भेज दिया है: दिनेश सिंह (हालिया गिरफ्तारी), पुरण सिंह (निवासी दौलतपुरा द्वितीय), महावीर सिंह (निवासी गोपला का नाका), नरेन्द्र उर्फ सोनू (निवासी गोपला का नाका)।

### पुलिस टीम की भूमिका

इस सफल कार्रवाई में थानाधिकारी करण सिंह, सउनि रणजीत सिंह, कांस्टेबल प्रेमाराम और कांस्टेबल ओमप्रकाश की मुख्य भूमिका रही। पुलिस अब आरोपियों से चोरी किए गए माल की बरामदगी और अन्य संभावित वारदातों के संबंध में गहन पूछताछ कर रही है।

# लाइफस्टाइल बदलाव से जीवन संवारने वाली कीर्ति व्यास को मिला 'प्राइड ऑफ राजस्थान 2026' सम्मान

स्मार्ट हलचल| जयपुर

स्वास्थ्य और फिटनेस के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली कीर्ति व्यास को राष्ट्रीय नारी सशक्तिकरण संघ द्वारा प्रतिष्ठित 'प्राइड ऑफ राजस्थान 2026' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें पिछले छह वर्षों से लोगों की जीवनशैली, खानपान और समग्र स्वास्थ्य में सकारात्मक बदलाव लाने के उनके निरंतर प्रयासों के लिए प्रदान किया गया। जयपुर में आयोजित एक भव्य समारोह में यह सम्मान कीर्ति व्यास को दिया गया, जहां विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शहर के कई गणमान्य व्यक्ति, सामाजिक कार्यकर्ता और फिटनेस इंडस्ट्री से जुड़े लोग उपस्थित रहे। कीर्ति व्यास ने अपने कार्य के माध्यम से हजारों लोगों को न केवल वजन प्रबंधन में मदद की है, बल्कि उन्हें एक स्वस्थ और संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए भी प्रेरित किया है। उनके मार्गदर्शन में कई लोगों ने अपने फिटनेस गोल्स हासिल किए और अपनी जीवन गुणवत्ता में सुधार किया। समारोह के दौरान



कीर्ति व्यास ने अपने संबोधन में कहा, 'यह सम्मान सिर्फ मेरा नहीं है, बल्कि उन सभी लोगों का है, जिन्होंने खुद पर काम करने का निर्णय लिया और अपनी सेहत को प्राथमिकता दी। मेरा उद्देश्य लोगों के जीवन में स्थायी बदलाव लाना है और यह अवॉर्ड मुझे और बेहतर करने की प्रेरणा देता है।' राष्ट्रीय नारी सशक्तिकरण संघ के प्रतिनिधियों ने भी कीर्ति के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनका समर्पण और लोगों के जीवन में बदलाव लाने की प्रतिबद्धता उन्हें इस सम्मान का सच्चा हकदार बनाती है। यह सम्मान न केवल कीर्ति व्यास की उपलब्धियों का प्रमाण है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि आज के समय में हेल्थ और वेलनेस के क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण होती जा रही है।

# ब्यावर में गहराते जल संकट के बीच राहत: बीसलपुर से अब प्रतिदिन मिलेगी 3 एमएलडी अतिरिक्त जलापूर्ति

## कांग्रेस के दबाव के आगे झुका जलदाय विभाग, अधिशासी अभियंता ने पेश किया सुधार का मास्टर प्लान

## अमृत 2.0 से बदलेगी ब्यावर की तस्वीर: बिछाई जाएगी नई पाइपलाइन, बनेंगे 5 नए उच्च जलाशय

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** शहर में पेयजल संकट के स्थाई समाधान और जनता को उनके मूलभूत अधिकार दिलाने हेतु ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट अजय शर्मा के नेतृत्व में आज कांग्रेस नेताओं के एक उच्च स्तरीय शिष्टमंडल ने जलदाय विभाग के अधिशासी अभियंता सुनील कुमार जूनवाल से तीखी वार्ता की। इस दौरान विभाग ने स्वीकार किया कि कांग्रेस के निरंतर आंदोलनों और जन-दबाव के कारण शहर की जलापूर्ति व्यवस्था में सुधार की प्रक्रिया तेज कर दी गई है।

### आंदोलन का बड़ा असर: बढ़ी पानी की मात्रा

अधिशासी अभियंता ने आधिकारिक जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व में शहर



को बीसलपुर परियोजना से मिलने वाली 23 एमएलडी सप्लाई को बढ़ाकर अब 26 एमएलडी (3 एमएलडी अतिरिक्त) कर दिया गया है। इसके साथ ही जवाजा फीडर से भी अतिरिक्त 3 एमएलडी पानी जुटाने की योजना अंतिम चरण में है, जिससे भीषण गर्मी में शहरवासियों को बड़ी राहत मिलेगी।

### अमृत 2.0 और भविष्य का मास्टर प्लान

वार्ता के दौरान विभाग ने भविष्य की योजनाओं का विवरण साझा किया: नई पाइपलाइन: अमृत 2.0 योजना के तहत शहर के उन हिस्सों में नई लाइनें बिछाई जाएंगी जहाँ वर्तमान में 'लो-प्रेशर' की समस्या है। नए जलाशय: शहर की बढ़ती आबादी को देखते हुए 5 नई पानी की टंकियों (उच्च जलाशयों) का निर्माण प्रस्तावित किया गया है। लीकेज मरम्मत: गैस और सीवरेज लाइन के कारण क्षतिग्रस्त हुई पाइपलाइनों को युद्ध-स्तर पर दुरुस्त करने का काम संवेदक द्वारा शुरू कर दिया गया है।

### जनता की सुविधा हेतु कंट्रोल रूम

आमजन की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए विभाग ने 24 घंटे संचालित कंट्रोल रूम (नंबर: 8279100654, 8 279100698) की स्थापना की है। साथ ही व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए वार्ड-वार जलापूर्ति की सूचना साझा की जाएगी।

### संघर्ष रहेगा जारी: अजय शर्मा

ब्लॉक अध्यक्ष एडवोकेट अजय शर्मा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि, 'प्रशासन द्वारा उठाए गए कदम हमारी सजगता का परिणाम हैं, लेकिन जब तक शहर के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को शुद्ध और पर्याप्त पानी नहीं मिल जाता, तब तक हमारा संघर्ष विराम नहीं लेगा।'

### शिष्टमंडल में ये रहे मौजूद

इस दौरान आशीषपाल पदावत (प्रदेशाध्यक्ष, कांग्रेस खनन विभाग), अज़मत काठात (ज़िलाध्यक्ष, अल्पसंख्यक विभाग), वरिष्ठ नेता राजेन्द्र ओस्तवाल, बृजवल्लभ पाराशर सहित सतीश जाग्रत, अभिषेक जैन, मनोज शर्मा, गोपाल डाणी, विपिन अग्रवाल एवं अन्य प्रमुख कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## क्या आप भी घर के आंगन को देना चाहती है खूबसूरत लुक, तो इन बेकार चीजों का इस तरह करें इस्तेमाल



हर कोई अपने घर को सुंदर बनाना चाहता है। ऐसे में घर को खूबसूरत बनाने के लिए हर छोटी-छोटी बात का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। अगर आप भी अपने घर के आंगन को आकर्षक बनाना चाहते हैं तो यह खबर आपके लिए है। आज हम आपको कुछ टिप्स बताएंगे, जिनकी मदद से आप घर के उस हिस्से को सजा सकते हैं जहां सबसे ज्यादा लोग आते-जाते हैं।

### अपने यार्ड को ऐसे बनाएं खूबसूरत

आंगन घर की सुंदरता में चार चांद लगा देता है। इसे खूबसूरत बनाने के लिए आप कई तरह के पौधे, फूल और सजावटी सामान का इस्तेमाल कर सकते हैं। सबसे पहले आप किसी भी दुकान या नर्सरी से रंग-बिरंगे फूलों के गमले लाकर अपने घर के आंगन में रख सकते हैं। आजकल बाजार में सजावट के लिए भी एक से एक पौधे आसानी से उपलब्ध हैं।

### दीवारों पर बेलें लगाएँ

आप आंगन की दीवारों को सुंदर बनाने के लिए मनी प्लांट, मोगरा जैसी कई सुगंधित लताएं लगा सकते हैं। इससे आंगन की दीवारें चमक उठेंगी। आप आंगन के बाहर बाउंड्री पर नींबू, संतरा या आम जैसे छोटे पेड़ लगा सकते हैं। यह पेड़ आपके यार्ड को हरा-भरा बना देगा और घर आने वाले सभी मेहमान आपके यार्ड की तारीफ करने लगेंगे।

### आँगन में एक सुन्दर झूला लगाओ

इतना ही नहीं, आप अपने यार्ड में एक छोटा सा फव्वारा भी स्थापित कर सकते हैं। यह आपके घर में शांति और सुन्दरता ला सकता है। इसके अलावा आप आंगन में छोटा सा सुंदर झूला या बेंच लगा सकते हैं ताकि आप शांति से बैठ सकें या झूले में झूलकर प्रकृति का आनंद ले सकें। यहां बैठने से आपको आराम मिलेगा।

### बांस की छड़ियों का उपयोग करें

आप शाम के समय अपने आँगन में रोशनी या लैंप का उपयोग कर सकते हैं। इससे पूरा प्रांगण रोशन हो जाएगा। आप अपने आँगन को पत्थरों से सजा सकते हैं। इसके अलावा, सजावट के लिए भी बांस की छड़ियों का व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है।

### प्रतिदिन यार्ड साफ करें

इन सभी सुझावों के अलावा आपको अपने यार्ड को रोजाना साफ करना चाहिए और पौधों को पानी देना चाहिए। यदि आप ऐसा करेंगे तो आपका यार्ड हरा-भरा और सुंदर दिखेगा। ये सभी टिप्स आपके यार्ड को सुंदर बनाने में आपकी मदद करेंगे।



## घर को मिलेगा अमीरों वाला रॉयल लुक, इन 4 ट्रिक्स से हमेशा साफ-सुथरा दिखेगा हर कोना

**हर किसी का सपना होता है कि उसका घर न केवल आरामदायक हो, बल्कि उसका लुक भी रॉयल और शानदार हो। खासकर जब बात सफाई और सजा-संवारा की हो, तो यह महत्वपूर्ण होता है कि घर का हर कोना हमेशा साफ-सुथरा और व्यवस्थित दिखे। हालांकि, घर को हमेशा एक रॉयल लुक देना और उसे अच्छे से सजाना उतना कठिन भी नहीं है। कुछ आसान और प्रभावी ट्रिक्स के जरिए आप भी अपने घर को अमीरों जैसा दिखा सकते हैं। आइए जानते हैं उन 4 खास ट्रिक्स के बारे में, जो आपके घर को हमेशा साफ-सुथरा और शानदार बनाए रखेंगी।**

### 1. फर्नीचर की व्यवस्था और डिजाइन

घर के फर्नीचर की सही व्यवस्था और चयन रॉयल लुक पाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कुछ बुनियादी फर्नीचर डिज़ाइनों को ध्यान में रखकर आप घर को रॉयल बना सकते हैं। जैसे:

क्लासिक और स्लीक फर्नीचर: अमीर घरों में हमेशा क्लासिक, एंटीक और स्लीक डिज़ाइन का फर्नीचर होता है। इसके लिए आप अपनी लाइविंग रूम में लकड़ी के सुरुचिपूर्ण सोफा सेट या मेटल और ग्लास के संयोजन वाले टेबल का चुनाव कर सकते हैं।

साफ-सुथरी व्यवस्था: फर्नीचर की व्यवस्था इस तरह करें कि घर में हवा का सही संचार हो और कमरे की विशालता बनी रहे। फर्नीचर का ओवरलोडिंग न करें और हर सामान को उसकी जगह पर व्यवस्थित रखें।

### 2. साफ-सफाई का ध्यान रखें

अमीर लोग हमेशा अपने घर की सफाई का विशेष ध्यान रखते हैं। घर को हमेशा साफ-सुथरा और व्यवस्थित रखना रॉयल लुक में एक अहम योगदान देता है। कुछ टिप्स:

डेली क्लीनिंग रूटीन: घर के हर हिस्से को रोज़ाना साफ करने की आदत डालें। फ्लोर को अच्छे से धोने के लिए एक अच्छा क्लीनर इस्तेमाल करें और वाइप से टेबल, काउंटर और गद्दे साफ करें।

धूल-मिट्टी से बचाव: खिड़कियों और दरवाजों के पर्दों को नियमित रूप से धोएं ताकि धूल-मिट्टी का जमाव न हो। एयर प्यूरीफायर का इस्तेमाल भी कमरे को ताजगी से भर देता है।

### 3. हाई-एंड डेकोर और एक्सेसरीज़

रॉयल लुक पाने के लिए, घर में सही डेकोर और एक्सेसरीज़ का होना जरूरी है। कुछ महत्वपूर्ण चीजों का ध्यान रखें:

आर्ट पीस और वॉल पेंटिंग: दीवारों पर पेंटिंग या आर्ट पीस लगाना घर को रॉयल लुक देता है। अमीर घरों में अक्सर महंगे और अनोखे आर्टवर्क होते हैं, जिन्हें देखकर ही घर की भव्यता का अहसास होता है।

लक्ज़री लाइटिंग: अच्छे और भव्य लाइटिंग से घर की खूबसूरती में चार चांद लग जाते हैं। आप सोने के रंग के झूमर, क्रिस्टल लाइट्स या महंगे चांदी के लैंप का इस्तेमाल कर सकते हैं।

विंटर कुशन और थ्रो: सोफे पर रंग-बिरंगे, मुलायम और लक्ज़री फैब्रिक के कुशन और थ्रो रखें। यह न केवल सोफे को और आकर्षक बनाता है, बल्कि घर को भी रॉयल और आरामदायक लुक देता है।

### 4. रंगों का चुनाव और व्यवस्था

घर में सही रंगों का चुनाव भी उसकी सफाई और रॉयल लुक को बेहतर बना सकता है। अमीर घरों में रंगों का चयन बेहद ध्यान से किया जाता है, क्योंकि यह कमरे की खूबसूरती और शांति को बढ़ाता है।

लाइट और न्यूट्रल शेड्स: रॉयल लुक के लिए हलके रंग जैसे क्रीम, बेज, सफेद, हल्के गुलाबी या आइलिवन पिंक का चुनाव करें। इन रंगों से घर की जगह खुली और रोशन दिखेगी। इसके अलावा, डार्क टोन जैसे डार्क ग्रीन या ब्लू भी रॉयल लुक के लिए बेहतरीन होते हैं।

कलर्ड ऐक्सेंट्स: कमरे में थोड़े-बहुत रंग के ऐक्सेंट्स जैसे सजावटी वस्त्र, कुशन या दीवारों पर पेंटिंग्स भी रॉयल लुक को हाईलाइट करते हैं। इनसे कमरे की सुंदरता और विविधता में इजाफा होता है।

इन ट्रिक्स को अपनाकर आप अपने घर को एक रॉयल और क्लासी लुक दे सकते हैं, जो न केवल आपको बल्कि आपके मेहमानों को भी प्रभावित करेगा। सही फर्नीचर, अच्छी सफाई, खूबसूरत डेकोर और उपयुक्त रंगों के साथ, आपका घर हमेशा साफ-सुथरा और शानदार नजर आएगा। तो, तैयार हो जाइए अपने घर को अमीरों जैसा बनाने के लिए और उसे हर दिन रॉयल लुक में सजाने के लिए!



## क्या आप जानते हैं रोज 5 मिनट अनुलोम विलोम करने से क्या होता है? सेहतमंद बीतेगी जिंदगी, ऐसे करें अभ्यास

स्वस्थ रहने के लिए सभी स्वास्थ्य विशेषज्ञ उचित आहार के साथ-साथ योग और व्यायाम को दिनचर्या में शामिल करने की सलाह देते हैं। अक्सर लोग यह सोचकर योग और व्यायाम से बचते हैं कि यह बहुत कठिन है या इसमें बहुत समय लगेगा। लेकिन, ऐसा बिल्कुल नहीं है। योग और प्राणायाम शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। अनुलोम-विलोम और कपालभाति प्राणायाम सेहत को कई तरह से फायदा पहुंचाता है। क्या आप जानते हैं कि रोजाना 5 मिनट अनुलोम-विलोम और कपालभाति करने से क्या फायदा होता है और इसे करने का सही तरीका क्या है, आइए विशेषज्ञ से जानते हैं। योग विशेषज्ञ नताशा कपूर इस बारे में जानकारी दे रही हैं। वह एक प्रमाणित योग शिक्षिका हैं।

अगर आप रोजाना 5 मिनट अनुलोम-विलोम और कपालभाति करते हैं तो क्या होता है?

रोजाना 5 मिनट तक अनुलोम-विलोम और कपालभाति करने से मन शांत होता है। इससे तनाव दूर होता है और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है।

यह पाचन क्रिया को बेहतर बनाता है. जिन लोगों का पाचन तंत्र खराब है, उन्हें रोजाना 5 मिनट अनुलोम-विलोम और कपालभाति करना चाहिए।

कपालभाति प्राणायाम एसिडिटी, गैस और कब्ज को दूर करता है और पाचन क्रिया को बेहतर बनाता है।

यह एकाग्रता और स्मरण शक्ति में सुधार करता है तथा चिंता से राहत देता है।

रोजाना 5 मिनट अनुलोम-विलोम करने से भी बीपी नियंत्रित रहता है। अगर आपका बीपी हाई रहता है तो आपको कपालभाति के बाद अनुलोम-विलोम जरूर करना चाहिए।

कपालभाति प्राणायाम करने से भी पेट की चर्बी कम होती है।

रोजाना 5 मिनट कपालभाति और अनुलोम-विलोम करने से शरीर से विषाक्त पदार्थ बाहर निकल जाते हैं और चेहरे पर चमक आती है। इससे वजन भी कम होता है।

अगर आपको अच्छी नींद नहीं आती, शरीर हमेशा थका रहता है और मन शांत नहीं रहता तो ये दो प्राणायाम 5 मिनट तक करें।

रोजाना 5 मिनट कपालभाति और अनुलोम-विलोम करने से शरीर को ऊर्जा मिलती है और फेफड़ों और हृदय का स्वास्थ्य बेहतर होता है।

### उलटने का सही तरीका

इस प्राणायाम को करने के लिए आपको एक शांत जगह पर बैठना होगा।

आप इसे फर्श पर बैठकर या योग मैट के साथ बिस्तर पर बैठकर भी कर सकते हैं।

आपको इसे सुखासन या पद्मासन में बैठकर करना होगा।

यह करने के लिए बहुत आसान है।

सबसे पहले आपको अपने दाहिने अंगूठे को अपने दाहिने नथुने पर रखना होगा।

इसके बाद आपको दूसरे नथुने यानि बायें नथुने से सांस लेनी है।

सांस लेते समय इस नथुने को बंद कर लें और अपने अंगूठे को दाएं नथुने से हटाकर सांस छोड़ें।

अब केवल दाहिने नथुने से ही श्वास लें।

आपको इसे बायीं नासिका से बाहर निकालना होगा।

इस प्रक्रिया को इस प्रकार दोहराएँ।

याद रखें कि आपको उसी नथुने से दोबारा सांस लेनी है जिससे आपने सांस छोड़ी थी।

कपालभाति करने का सही तरीका

इस प्राणायाम को करने के लिए आपको सुखासन में बैठना होगा।

अपनी रीढ़ सीधी रखें.


पेट को ढीला छोड़ दें।

अब आपको तेजी से सांस बाहर छोड़नी है।

ऐसा करते समय आपका पेट अंदर की ओर खिंचना चाहिए और पेट पर दबाव महसूस होना चाहिए।

इसे कुछ समय तक दोहराएँ।

रोजाना 5 मिनट अनुलोम-विलोम और कपालभाति करने से आपको ये फायदे मिल सकते हैं। अगर आपको कोई स्वास्थ्य संबंधी समस्या है तो हमें लेख के ऊपर कमेंट बॉक्स में बताएं। हम अपने लेखों के माध्यम से आपकी समस्या का समाधान करने का प्रयास करेंगे।



## गर्मी में बर्फ की तरह पिघलेगी पेट और जांघों की चर्बी

### डाइट में सिर्फ इन 5 फूड्स को कर लें शामिल

महिलाएं घर और बाहर की जिम्मेदारियों में इतनी व्यस्त रहती हैं कि वे अपने स्वास्थ्य का ध्यान नहीं रख पातीं। इसके अलावा, लंबे समय तक बैठे रहने से शारीरिक गतिविधियां भी कम हो रही हैं। इन कारणों से शरीर का वजन और चर्बी बढ़ने लगती है। शरीर की चर्बी न सिर्फ पर्सनालिटी खराब करती है, बल्कि कई तरह की समस्याएं भी पैदा करती है।

मोटापे के कारण शरीर में मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, गठिया, स्ट्रोक जैसी कई बीमारियां घर करने लगती हैं। ऐसे में अपने खान-पान और जीवनशैली में जरूरी बदलाव करना बेहद जरूरी है। इसके लिए रोजाना व्यायाम करना जरूरी है। हालांकि, कभी-कभी महिलाओं के लिए घर और ऑफिस के काम के बीच जिम जाने और व्यायाम करने के लिए समय निकालना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में ऐसे व्यायामों की जरूरत है, जो आसानी से और कम समय में किए जा सकें।

हम आपके लिए 4 ऐसी एक्सरसाइज लेकर आए हैं, जिन्हें करने के लिए आपको जिम जाने की भी जरूरत नहीं है, बल्कि आप घर पर ही थोड़ा-बहुत कर सकते हैं। इसके लिए आपको बस एक दीवार की जरूरत है। आप ये व्यायाम दीवार के सहारे खड़े होकर आसानी से कर सकते हैं। फिटनेस एक्सपर्ट जूही कपूर हमें इनके बारे में बता रही हैं।

विशेषज्ञ कहते हैं, अगर आपने अभी-अभी फिटनेस पर ध्यान देना शुरू किया है और आप आसान एक्सरसाइज की तलाश में हैं, तो आप दीवार के सहारे कुछ एक्सरसाइज कर सकते हैं। इससे आपको कई फायदे मिलते हैं। यह शरीर की कई मांसपेशियों पर काम करता है। इससे संतुलन और मुद्रा में सुधार होता है और पैर, हाथ और पेट की चर्बी कम होती है। इन एक्सरसाइज को रोजाना करने से शरीर में लचीलापन भी बढ़ता है। इसके अलावा यह फैट बर्न करने और पूरे शरीर को टोन करने में मदद करता है।

### दीवार पर मार्च

यह एक बहुत ही आसान और प्रभावी व्यायाम है जिसे आप घर पर दीवार की मदद से कर सकते हैं। यह पूरे शरीर को सक्रिय करता है और मांसपेशियों को मजबूत बनाता है। यह एक कार्डियो व्यायाम है जो हृदय गति को बढ़ाता है और पैरों, जांघों और ग्लूट्स को मजबूत करता है।

### दीवार मार्चिंग के चरण

इसे करने के लिए दीवार की ओर मुंह करके अपने पैरों को थोड़ा अलग रखकर खड़े हो जाएं।

अपने दोनों हाथ सीधे दीवार पर रखें।

फिर उसी स्थान पर खड़े होकर बारी-बारी से पैरों को छाती की ओर ऊपर उठाएं, जैसे कि आप मार्च कर रहे हों।

इस व्यायाम को 50 बार दोहराएँ।

### दीवार मोड़

यह व्यायाम करना थोड़ा कठिन है, लेकिन इसे रोजाना करने से आप पूरे शरीर की चर्बी कम कर सकते हैं। इसके अलावा, यह व्यायाम कमर की मांसपेशियों को मजबूत करता है, रीढ़ को लचीला बनाता है, पाचन में सुधार करता है और तनाव को कम करता है।

### दीवार मोड़ने के चरण

इस व्यायाम को करने के लिए दीवार के पास खड़े हो जाएं।

अपने पैरों को कंधे की चौड़ाई तक खोलें।

दोनों हाथ दीवार पर रखें।

कमर से शरीर को दाएं से बाएं ओर घुमाएं, जैसे आप कुर्सी घुमा रहे हों।

यह व्यायाम दूसरी तरफ से भी करें।

व्यायाम करते समय सांस अंदर और बाहर लें।

यह व्यायाम 50 बार करें।

दीवार पर उकडूँ बैठना

यह एक ऐसा व्यायाम है, जो न केवल आपके पैरों, जांघों और कूल्हों को मजबूत बनाता है, बल्कि पूरे शरीर को टोन करने में भी मदद करता है। ऐसा इसलिए क्योंकि ऐसा करने से अधिक कैलोरी बर्न होती है और मेटाबोलिज्म भी बढ़ता है। इसके अलावा यह तनाव को भी कम करता है।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com